शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 84 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 20 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 21 राज्यों के 102 सीटों पर 60 प्रतिशत रहा मतदान

### अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा के लिए क्रमशः 55.23 और 52.73 प्रतिशत मतदान





**नई दिल्ली**
**लोकसभा** चुनाव 2024 के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर लगभग शांतिपूर्ण रहा। मतदान का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक रहा। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। इसके साथ ही सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की राज्य विधानसभाओं और 18वीं लोकसभा के लिए 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में शाम 5 बजे तक अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 64.07, असम की 14 सीटों पर 70.77, बिहार की चार सीटों पर 46.32, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.25, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 54.85, मणिपुर की दो सीटों पर 68.62, मेघालय की सभी दो सीट पर 69.91, मिजोरम की एक सीट पर 53.96, नगालैंड की एक सीट पर 56.18, राजस्थान की 12 सीट पर 50.27, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.08, त्रिपुरा की एक सीट 76.10, उत्तर प्रदेश की आठ 57.54, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर 72.84, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.56, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है।

चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए।

## आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट घायल



**पश्चिम** बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। हालांकि सूबे में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा। छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 55.23 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 52.73 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## मणिपुर: मतदाताओं और हथियारबंद लोगों के बीच झड़प




**इंफाल**
**आंतरिक** मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान दो पूर्वी और तीन पश्चिमी इंफाल के कुल पांच मतदान केंद्रों से गोलीबारी की घटना सामने आई है। बिष्णुपुर जिले के मोइरंग निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत थामनापोक्पी में एक हथियारबंद व्यक्ति ने मतदान केंद्र के पास हवा में गोलीबारी शुरू कर दी। इसे देखते हुए वहां मौजूद मतदाता डर से भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया।

**अज्ञात हथियारबंद लोगों ने की फायरिंग**
अज्ञात हथियारबंदों ने विभिन्न मतदान केंद्रों में एक विशेष राजनीतिक दल के एजेंटों को धमकी भी दी। पश्चिमी इंफाल जिले के उरीपोर और इरोइशेम्बा में हथियारबंद लोगों ने एजेंटों को मतदान केंद्र के परिसर से चले जाने के लिए कहा। इस धमकी से नाराज इरोइशेम्बा के मतदाताओं ने मतदान केंद्र में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे।

**मतदाताओं और हथियारबंद लोगों के बीच झड़प**
पूर्वी इंफाल जिले के कीराव निर्वाचन क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने हवा में फायरिंग भी की। शुक्रवार की सुबह खोंगमान जोन 4 में मतदाताओं और हथियारबंद लोगों के बीच झड़प हो गई। कुकी बहुल विधानसभा क्षेत्रों में एक बजे तक बहुत ही कम मतदाता मतदान करने आए। एक अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी जिले के सैतु और सैकुल निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमशः 13.22 प्रतिशत और 8.58 प्रतिशत मतदान हुआ।

## कर्नाटक में महिला की हत्या पर भाजपा हमलावर

**नई दिल्ली**
कर्नाटक में 23 साल की एक महिला की हत्या पर रोष जताते हुए भारतीय जनता पार्टी ने इसके लिए कांग्रेस की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार अपराधियों को संरक्षित करने का काम कर रही है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस की ही पार्षद की बेटी की हत्या सरेआम कर दी जाती है और प्रशासन कुछ नहीं करता। राज्य में महिलाएं बिलकुल सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो हमेशा से तुष्टीकरण की राजनीति करते आई है। इंडी गठबंधन अपराधियों को संरक्षण देने की कोशिश करते हैं, कट्टरवादियों को संरक्षण देने का काम किया जा रहा है। कर्नाटक में पानी की किल्लत है लेकिन कांग्रेस सरकार तुष्टीकरण की राजनीति में व्यस्त है ।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को एक कॉलेज परिसर के अंदर कर्नाटक कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या कर दी गई। 23 वर्षीय मास्टर्स ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) की छात्रा नेहा हिरेमथ पर गुरुवार को हुबली के बीवीबी कॉलेज के परिसर में फैयाज ने हमला किया था। सीसीटीवी फुटेज में फैयाज को भागने से पहले नेहा को कई बार चाकू मारते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने कहा कि महिला की मौत फैयाज द्वारा किए गए कई चाकू के वार से हुई है। बाद में फैयाज को गिरफ्तार कर लिया गया।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली**
देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर की उछाल के साथ 648.56 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि 12 अप्रैल 2024 को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा।

## अगर मतदान नहीं किया तो चली जाएगी नागरिकता: ममता बनर्जी




**मुर्शिदाबाद**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विवादित बयान सामने आया है। ममता ने दूसरे राज्यों से बंगाल आए श्रमिकों से कहा कि वो ईद मनाने तो बंगाल आए हैं, लेकिन वो वोट देकर ही वापस जाएं, नहीं तो उनकी नागरिकता चली जाएगी।

ममता ने कहा, मैं उन सभी प्रवासी श्रमिकों से अनुरोध करना चाहूंगी जो ईद मनाने के लिए यहां आए हैं, कृपया बिना मतदान किए वापस न जाएं क्योंकि अगर आप आने वाले दिनों में मतदान नहीं करेंगे तो वे आपका आधार कार्ड और आपकी नागरिकता छीन लेंगे। मैं यहां सीएए लागू नहीं होने दूंगी, जैसे मैंने असम में इसे लागू नहीं होने दिया।

**यूसीसी लागू ना होने देने की कही बात**
ममता ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि अब वो यूसीसी के बारे में भी बात कर रहे हैं, क्या आप जानते हैं कि इससे क्या होगा। यदि वे यूसीसी लाते हैं तो आप अपनी पहचान खो देंगे।

## केजरीवाल को इंसुलिन देने की मांग पर आदेश सुरक्षित, 22 अप्रैल को फैसला



**नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया है जिसमें उन्होंने जेल अधिकारियों को इंसुलिन देने की मांग की है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 22 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के संकेत दिए हैं। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को शुगर की बीमारी है और इसके लिए उन्हें इंसुलिन की जरूरत होती है। सिंघवी ने कोर्ट को केजरीवाल के शुगर लेवल का चार्ट दिखाया। सिंघवी ने कहा कि आज तक हमने किसी को आम खाने की शिकायत करते नहीं सुना। केजरीवाल को 48 बार घर का खाना दिया गया, जिसमें तीन बार आम भेजा गया। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन और ईडी की मिलीभगत से केजरीवाल का मीडिया ट्रायल किया जा रहा है कि वो आम और मिठाई खाकर अपना शुगर लेवल बढ़ाना चाहते हैं, ताकि स्वास्थ्य के आधार पर जमानत का आधार बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि ईडी किस तरह की राजनीति पर उतर आई है कि वो ये सब सवाल खड़ी कर रही है। सिंघवी ने कहा कि जेल अधीक्षक केजरीवाल के स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं।

## सशक्त-सक्षम-विकसित भारत मोदी सरकार का एजेंडा: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मोदी सरकार का एजेंडा सशक्त-सक्षम-विकसित भारत को बताते हुए सोशल-डिजिटल-फि ज़िकल माध्यमों से भाजपा द्वारा राष्ट्रनिर्माण की बात कही है।

शुक्रवार को जारी एक बयान में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मोदी सरकार का एजेंडा सशक्त-सक्षम-विकसित भारत है और सोशल-डिजिटल-फि ज़िकल माध्यमों से भाजपा राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र केवल एक घोषणापत्र नहीं बल्कि करोड़ों भारतवासियों के सपनों को सिद्ध करने का संकल्प पत्र है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जानता पार्टी को देश की सेवा करने का अवसर मिला और इस अवसर का पूर्ण उपयोग करते हुए हमने एक नए भारत, विकसित भारत की नींव रखने का कार्य किया है और इसी नींव को आने वाली सदियों के लिए और मजबूत करने के लिए हम तत्पर हैं। हमारा संकल्प है कि हम भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनायेंगे, जिसके लिए अगले पांच निश्चित रूप से साल निर्णायक होंगे। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज भारत में भाजपा अकेला ऐसा राजनीतिक दल है, जिसने जो भी संकल्प लिया, उसे सिद्ध भी कर के दिखाया है फिर चाहे वह राम मंदिर हो, आर्टिकल 370 का विषय हो या फिर ट्रिपल तलाक हो। हर वो विषय जिसे केवल चुनावों के लिए राजनीतिक दलों द्वारा इस्तेमाल किया जाता था, हमने उसे जनता के आशीर्वाद के साथ पूरा कर के दिखाया है।

## डीआरडीओ ने एचएएल को सौंपा तेजस एमके-1ए का एयर ब्रेक कंट्रोल मॉड्यूल



**नई दिल्ली**
**डीआरडीओ** की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) ने शुक्रवार को एलसीए तेजस एमके-1ए के लिए स्वदेशी लीडिंग एज एक्चुएटर्स और एयरब्रेक कंट्रोल मॉड्यूल का पहला बैच हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंप दिया है। इसे वैमानिकी प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण छलांग माना जा रहा है। एचएएल ने वायु सेना के लिए दिए गए पहले ऑर्डर के 83 एलसीए तेजस एमके-1ए विमानों का उत्पादन करने की तैयारी पहले ही कर ली है। डीआरडीओ के मुताबिक एलसीए तेजस का सेकेंडरी फ्लाइट कंट्रोल अत्याधुनिक सर्वो वाल्व आधारित इलेक्ट्रो-हाइड्रोलिक सर्वो एक्चुएटर्स और कंट्रोल मॉड्यूल से लैस है।

## मार्च में 154 फीसदी बढ़ीं नौकरियां, 64 फीसदी के साथ दूरसंचार क्षेत्र शीर्ष पर

**नई दिल्ली**
देश के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में इस साल मार्च में भर्ती में 154 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें 64 फीसदी के साथ दूरसंचार क्षेत्र शीर्ष पर बना हुआ है। क्वेस कॉर्प की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, लाइटनिंग व ऑटोमोटिव क्षेत्र क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स भर्ती मांग में 33 फीसदी हिस्सेदारी के साथ तमिलनाडु शीर्ष पर है। भर्ती के मामले में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश व तेलंगाना क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा है। महिलाएं अब इस उद्योग के कुल रोजगार का 78 फीसदी हिस्सा हैं। कुछ में यह 80 फीसदी तक है।

## ऊना में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, 19 घायल; दो बच्चों की हालत नाजुक



**ऊना।**
**जिला मुख्यालय** के समीप समूर खुर्द में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 19 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर दो बच्चों की हालत नाजुक होने के चलते चिकित्सकों ने उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया है।

**एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का लिया जायजा**
हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन की तरफ से एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर राहत व बचाव के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मामूली रूप से घायल 17 श्रत्रालुओं को दो-दो हजार व गंभीर रूप से घायल दो बच्चे को पांच-पांच हजार रूपए की सहायता राशि दी। पुलिस ने हादसे के संबंध में मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

**ऐसे हुआ हादसा**
जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर अमृतसर के गांव छोटा हरिपुर व साथ लगते गांवों के श्रद्धालुओं का जत्था पिकअप पीबी05डब्लयू-9256 में सवार होकर बाबा बालक नाथ मंदिर में माथा टेकने के बाद शाहतलाई से वापिस अपने घर जा रहे थे तो ऊना के समीप समूरखुर्द गांव के पास गहरी उतराई में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई।

**चालीस श्रद्धालु थे सवार**
हादसे के समय पिकअप में 40 श्रद्धालु सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका पर पहुंचकर राहत व बचाव का कार्य शुरू किया। वहीं उपायुक्त जतिन लाल ने क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सकों की टीम को तैयार रहने के आदेश दिए। सभी घायलों को 108 एंबूलेस द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों की टीम ने घायलों का उपचार शुरू किया।

**19 श्रद्धालु हुए घायल**
राहत की बात रही कि हादसे में 19 घायलों में से 17 मामूली रूप से घायल हुए हैं। जबकि दो बच्चों की हालत नाजुक होने के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। गंभीर रूप से घायल रणवीर 8 पुत्र वग्गा सिंह निवासी इसलामावाद व विशाल 12 पुत्र मोहन निवासी छोटा हरिपुर, जिला अमृतसर को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। जबकि ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में घायल अन्य 17 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा रहा है।

वहीं जिला उपायुक्त जतिन लाल के निर्देशों पर प्रशसनिक अमला तुरंत अस्पताल में पहुंचा। एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान ने गंभीर मामूली रूप से घायल दो बच्चों को पांच-पांच हजार व मामूली रूप से घायलों को दो-दो हजार रूपए की सहायता राशि दी।

# डेढ़ साल की मासूम का चाचा ने किया था मर्डर

## मुंह दबाकर अगवा किया, जमीन में पटक कर मार डाला, अवैध संबंध के शक में की क्रूरता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गंगापार के हंडिया इलाके में अपनी मां के साथ सोई डेढ़ साल की मासूम बच्ची रंजना को रात के अंधेरे में अगवा कर उसकी नृशंस हत्या के मामले से पुलिस ने पर्दा उठा दिया। मासूम बच्ची को रिश्ते में चाचा लगने वाले सूरज उर्फ लल्ली ने ही बेरहमी से मार डाला था। बच्ची के पिता से बदला लेने के लिए सूरज ने उसकी बेटी को तड़पा कर मार दिया। दरअसल आरोपी सूरज उर्फ लल्ली को शक था कि उसकी पत्नी से बच्ची रंजना के पिता का अवैध संबंध है। वह इस बात से अंदर ही अंदर दुश्मनी पाले था। रंजना के पिता महेंद्र मुसहर का वह कुछ नहीं बिगाड़ पा रहा था। अंत में उसने बच्ची की हत्या की साजिश रची और आधी रात घर में घुसकर मासूम रंजना का मुंह दबार उसे उठा ले गया। झाड़ियों के बीच उसने बच्ची को जमीन में पटका। इसके बाद उसका सिर जमीन में टकराने लगा। एक ईंट से उसके पेट के पास वार किया। बच्ची की मौत हो गई तो सूरज खेत में लाश फेंक निकल भागा। घटना के 48 घंटे में ही पुलिस ने वारदात से पर्दा उठा लिया। आरोपी गिरफ्तार है। उसने पुलिस के सामने करतूत कबूल कर ली है।

**मासूम बच्ची की हत्या की क्या है कहानी**

हंडिया के मंदर गांव का रहने वाला महेंद्र मुसहर खेती करता है। मंगलवार शाम को वह पड़ोस के गांव में काम से चला गया था। रात में पत्नी रानी डेढ़ साल की बिटिया रंजना के साथ चारपाई पर सो रही थी। बगल की चारपाई पर दो अन्य बेटियां आस्था (5) और अंजलि (3) भी सोईं थीं। रात में करीब 12 बजे रानी देवी की नींद टूटी तो देखा मासूम रंजना चारपाई पर नहीं है। आसपास खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली। सूचना पर पति महेंद्र भी घर आ गया।

परिवार और गांव के लोग टॉर्च आदि लेकर बच्ची की तलाश में



जुट गए। सूखे तालाब के पास गए खेत में रंजना की लाश पड़ी थी। डेढ़ साल की बच्ची की हत्या की खबर पाकर डीसीपी अभिषेक भारती पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड को भी बुलाया गया। मृत बच्ची के बाबा पप्पू की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**पत्नी से लड़ा था कातिल, खुल गया राज**

मासूम की हत्या के बाद पुलिस ने परिवार, गांव वालों से पूछताछ शुरू की। महेंद्र के घर किस रास्ते से कौन पहुंच सकता है। उसकी दुश्मनी आदि को लेकर पूछताछ हुई। डीसीपी अभिषेक भारती को गांव से पता चला कि महेंद्र का चचेरा भाई सूरज उससे काफी जलता है। इस सुराग को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने इसी लाइन पर पूछताछ ज्यादा की। पता चला कि 10 दिन पहले सूरज की पत्नी और सूरज में काफी झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह मायके चली गई थी। पुलिस ने सूरज की पत्नी से संपर्क किया तो उसने बताया कि सूरज उस पर शक करता है। पत्नी से झगड़ा करने के बाद सूरज महेंद्र की पत्नी रानी देवी के पास भी पहुंचा था। तब रानी ने उसकी एक भी बात नहीं सुनी थी।डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि सूरज प्राइम सस्पेक्ट हो गया तो उससे पूछताछ की गई। रात में वह 11 बजे के बाद अपने घर पर नहीं था। देर रात वह घर पहुंचा था। उससे कड़ाई से पूछताछ हुई तो उसने सब बता दिया। महेंद्र को सबक सिखाने के लिए उसने मासूम बच्ची को मार डाला। उसे जेल भेजा जा रहा है।

### दीवार से टकराकर अपाचे बाइक सवार युवक की मौत, ट्रैक्टर से कचलकर युवक की जान गई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** खीरी थाना क्षेत्र के दसौती गांव में तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में संजय कुमार कोल (45) पुत्र रामदास की मौके पर ही मौत हो गई। घटना घर से एक किलोमीटर पहले हुआ। खीरी इलाके के सलैया खुर्द गांव निवासी संजय कुमार अपाचे बाइक से कहीं गया था। लौटते समय बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह दसौती गांव में निशिकांत कुशवाहा के घर के सामने दीवार से टकरा गया। हादसे में संजय की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी होने पर परिजन रोते बिलखते पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संजय के दो बेटों आनंद (15) और नितिन (12) का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पत्नी शीला देवी और माता नचकइया देवी के आंसू थम नहीं रहे हैं। कोहड़ारघाट -शाहपुर खुर्द गांव में शुक्रवार को दोपहर एक बजे टैक्ट्र की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोपहर एक बजे के लगभग सीकी गांव निवासी राधिका प्रसाद (55) पुत्र राम दुलार अपने साथी राजू पुत्र लाल बहादुर के साथ तिलक में जा रहे थे ।

# देशी शराब के पाउच में सीरिंज से मिलाया जा रहा पानी, वीडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले के कौंधियारा थाना क्षेत्र के सेहरा गांव में देशी शराब की दुकान में बीती रात को दुकान के अंदर शराब के पाउच में सीरिंज के माध्यम से पानी मिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों ने बताया की सेहरा बाजार में स्थित देशी शराब के दुकान में मिलावटी शराब बेचने के चलते दुकानदार और पब्लिक के बीच आए दिन लड़ाई होती रहती है। रात में शराब की दुकान बंद होने के बाद दुकानदार द्वारा शराब के पाउच और शीशी में सीरिंज से पानी मिलाने का वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत आबकारी विभाग तथा प्रशासन से की लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

सरकार के निर्देशानुसार शराब की दुकान स्कूल के पास में नहीं रहनी चाहिये लेकिन सेहरा में स्थित डिग्री कालेज के पास में देशी और अंग्रेजी शराब की दुकान खोली गई है। ग्रामीणों ने जानकारी दी की कुछ महीने पहले शराब में मिलावटी को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें कौंधियारा पुलिस ने दुकानदार को बचाते हुए ग्राहक के ऊपर मुकदमा पंजीकृत किया था। तब से दुकानदार का मनोबल बढ़ गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा की शराब के दुकान पर मिलावटी नहीं बंद की गई तो किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। जिसका जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन होगा। लोगों का कहना है कि जिस तरह से सीरिंज से पानी मिलाया जा रहा है इसी तरीके से कुछ अन्य जहरीला पदार्थ न मिला दिया जाए।

# मरने के बाद भी अतीक बनवा रहा बंगला, पीडीए ने भेजा नोटिस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पीडीए की भी अजब-गजब कार्यशैली हैरान कर देने वाली है। इस बार एक वर्ष पहले पुलिस कस्टडी में गोलियों से छलनी किए जा चुके माफिया अतीक अहमद को अवैध निर्माण रोकने के लिए पीडीए ने नोटिस जारी किया है। दरअसल, हाईकोर्ट चौराहे पर आंबेडकर प्रतिमा के पास उत्तर की पटरी पर अतीक अहमद के स्वामित्व वाले नजूल भूखंड संख्या 571/2 सिविल स्टेशन नंबर -दो को चार वर्ष पहले पीडीए ने ध्वस्त करा दिया था।अतीक के मारे जाने के बाद उस भूखंड पर एक बार फिर निर्माण शुरू करा दिया गया। बाहर से टिन घेरा लगाकर अंदर काम कराए जाने की शिकायत मिलने के बाद के महीनों बाद पीडीए की तंद्रा टूटी।पीडीए ने मृत अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर उसे अवैध निर्माण रोकने और खुद से ध्वस्त करने के लिए आगाह किया है।

जोनल अधिकारी की ओर से अतीक के नाम भेजे गए नोटिस में लिखा है, चार वर्ष पहले छह अगस्त 2020 को किए अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध कारण बताने और अवैध निर्माण रोकने के लिए कहा गया था, लेकिन आप की ओर से निर्माण बंद नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में बंगला नंबर दो पर अवैध निर्माण को स्वयं ध्वस्त कर इस कार्यालय को सूचित करें।

# जमीनी और नाली के विवाद में छोटे भाई ने संदिग्ध हालात में जहर खाकर दी जान

### मृतक के पुत्र ने परिजनों पर पिता को जहर देकर मारने का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा/प्रयागराज।** नाली और जमीन को लेकर मऊआइमा के ग्राम पूरानी का पूरा पूरे फौजशाह निवासी कृपाशंकर यादव और दया शंकर यादव के बीच विवाद चला आ रहा है।

बताते हैं कि इन्हीं विवाद को लेकर बहन और भतीजों ने दयाशंकर को अपमानित किए। जिससे वह संदिग्ध हालात में में सल्फास खा लिया। गुरूवार को उसे स्वरूप रानी अस्पताल ले जाया गया जहां




शुक्रवार को सुबह दयाशंकर यादव की मौत हो गई।शव पोस्टमार्टम के बाद जब घर आया तो घर में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र रोहित कुमार ने मऊआइमा थाने में नामजद तहरीर अपने चाचा, चचेरे भाइयों और बुआ आदि के खिलाफ दी है कि उनके पिता को सल्फास खिलाकर मार डाला गया। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा ?समाचार लिखे जाने तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया था।और शव घर पर रखा था। परिजनों का कहना था कि दिल्ली से रिश्तेदार के आने के बाद अन्तिम संस्कार किया जाएगा।

## पानी के लिए मचा हाहाकार,कुंआ, हैंड पंप दे रहे जवाब

### कोरांव के दक्षिणाचल पर्वतीय इलाकों में बोरिंग हैंड पंप की जरूरत

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव/प्रयागराज।** गर्मी का मौसम जैसे ही रफ्तार पकड़ी वैसे ही दर्जनों गांवों में कुएं जवाब देने लगे हैंड पंपों ने पानी देना छोड़ दिया है,पानी के लिए लोग परेशान हैं। ब्लॉक कोराव के ग्राम संसारपुर, देवघाट, अल्हवा, साहित, नेबढ़ियापाल, हनुमानगंज बदौआ, पियरी, आदि ग्राम सभाओं में ट्रैक्टर, से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवम रिबोरिंग,नए हैंडपंप लगाने, हेतु ग्राम पंचायतों,क्षेत्र पंचायतों, आदि को अनुमति प्रदान की जाए अन्यथा जनमानस में पेयजल को ले कर त्राहि त्राहि मच जाएगी।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर पडोसी से हुए मार पीट के दौरान दोनों ओर से पांच जख्मी हुए हैं। पुलिस ने क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र बरकत का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसे और परिजनों को मारा पीटा गया। पुलिस ने दानिश, नाज़िश,मुनीजा बानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर दूसरे पक्ष की मुनीजा बानों पत्नी रमजान अली ने इरफान, इमरान,महरुन निशां के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## ग्राम देवी नंदापुर, नेदुला में अखण्ड रामायण पाठ एवं महाप्रसाद का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई/प्रयागराज।** विगत वर्षो भांति इस वर्ष भी चौरा माता मंदिर समिति नंदापुर, नेदुला गांव में अखण्ड रामायण पाठ एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष नवरात्रि के बाद पूर्णाहूति हवन एवं सामूहिक महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है। जिसमे गांव के सभी लोग आस्था से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और तन मन धन से सहयोग करते हैं यह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। जिन्होंने अपना सहयोग प्रदान किया उन लोगों को चौरा माता मंदिर समिति की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर अरुण दुबे, संदीप दुबे, मुकेश दुबे, राजकुमार दुबे, अजय प्रजापति, विदेश भारतीय, बब्बे पाल, अंकित सांवले, शिवम, अंकुश, उज्जवल, अनुज, पवन ,अतुल, पिंटू पाल, कमलेश प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पिंक मतदाता जागरूकता रैली सम्पन्न

## मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग : अखिलेश वर्मा






**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** विकास खण्ड जसरा के खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मानव श्रृंखला बनवाई गयी और घूरपुर थाने तक निकाली गयी। मतदान जागरूकता रैली और लोगों कों सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे से किया गया जागरूक।

अखिलेश वर्मा नें वहां पर उपस्थित लोगों व छात्र छात्राओं को मतदान का महत्त्व समझाया और बोला की मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है और लोगों के लिए अपनी बात रखना जरूरी है। सभी को वोट देने का अधिकार है, जिसका अर्थ है कि सभी भारतीय अपनी पसंद के प्रधानमंत्री के लिए वोट कर सकते हैं। मतदान करके, आप बदलाव ला सकते हैं और, मतदान करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आप किसी कानून को तभी निरस्त कर सकते हैं जब अधिकांश नागरिक उससे सहमत हों।उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार द्विवेदी, ए आर पी, सतीश कुशवाहा, मयंकधर द्विवेदी, नीरू सिंह, बबिता वर्मा जी, प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, शनी शुक्ला, अजीत मालवीय आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रतियोगी छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, तीन दिन पहले ही किराए पर लिया था कमरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार को उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो छात्रा का शव फंदे से लटकता मिला। छात्रा अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

रामानंद नगर अल्लापुर निवासी अनूप कुमार पंडिता के मकान में तीन दिन पहले अंजू (28) पुत्री रामकरन साहनी निवासी सबितपुर मुड़ियारी चक मदरसा अंबेडकर ने किराए पर कमरा लिया था। शुक्रवार को अंजू ने सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा पीटने पर और आवाज लगने पर भी जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो मकान मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने पहुंचकर जब कमरे की खिड़की को तोड़कर अंदर देखा तो अंजू का शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** कंपोजिट विद्यालय परवेजपुर में उप जिलाधिकारी सोरॉव गणेश कुमार कनौजिया एवं खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी के अगुवाई में ब्लाक स्तरीय मतदाताओं को मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु रैली निकाली गई । तथा बच्चों और अभिभावकों को मतदान में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया और बच्चों को भी जागरूक किया गया कि अपने परिवार में माता-पिता , जिनकी आयु 18 वर्ष है उन सभी लोगों को अधिक से अधिक मतदान मे प्रतिभाग करने के लिए बताएं और प्रेषित करें कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक लाल बहादुर यादव, सहायक अध्यापक अरविंद कुमार मौर्य, सहायक अध्यापिका शाइस्ता परवीन, सहायक अध्यापिका आइफा एहसान, सहायक अध्यापिका विजय कुमारी कोरी,श्रद्धा पाल, श्रीमती सुमन देवी, शिक्षा मित्र. गीता रानी, किरन, आंगनवाडी में कार्यरत महिलाए आदि मौजूद थीं।

# लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल का सहसों में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों/प्रयागराज।** राम जानकी मंदिर सहसों के सामने शुक्रवार को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एवं क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल का विधानसभा फूलपुर क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए प्रवीण पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से फूलपुर लोकसभा सीट भाजपा के खाते में गई है और पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने हमें इस सीट से चुनाव मैदान में उतारा है हम सभी लोगों के वादों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।



उन्होंने कहा मैं आपके परिवार का एक सदस्य हूं जिस तरह से केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार ने विकास की गंगा बह रही है। एक बार फिर आप सभी के हित में समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ क्षेत्र का विकास करने का प्रयत्न करता रहूंगा। हम सभी को संकल्प लेना है कि अधिक से अधिक लोकसभा सीट पर जीत हांसिल करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की बागडोर सौंपते हुए पुनः भाजपा की सुशासन सरकार बनाना है। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह, भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, चंद्रेश कुमार केसरवानी, अनिल सरोज, संजय सिंह, डॉ. सूर्य बाबू राव, डा. के.सी. पाण्डेय, शिव शंकर दूबे, अनिल कुमार पटेल, जयेश केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, मनोज तिवारी, अनुराग सिंह एवं पुष्कर सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में मतदान से पहले 7000 लोग पाबंद

## 32000 असलहे जमा कराए, सोशल मीडिया की निगरानी को टीमें लगीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लोगसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। देश के कई राज्यों में मतदान शुरू भी हो गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मतदान की शुरुआत है तो प्रयागराज समेत अन्य जिलों में तैयारी तेज हो गई है। चुनावों में खलल न पड़े इसके लिए प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस अपनी कार्रवाई में तेजी ला रही है।चुनाव के मद्देनजर शांतिभंग में कार्रवाई, पाबंद किए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर में अब तक 7000 लोग पाबंद किए जा चुके हैं। पुलिस रिकॉर्ड, सूचना संकलन आदि के मार्फत ये ऐसे लोग चिन्हित हुए हैं जिसने मतदान के दौरान शांति व्यवस्था को खतरा हो सकता है।

हालांकि यह सिलसिला अभी जारी है। देहात क्षेत्रों में यह कार्रवाई तेजी से शुरू की गई है ताकि माहौल बिगाड़ने जैसी सोच रखने वाले पहले से ही यह समझ लें कि पुलिस की निगाह उनके ऊपर है।




शहर में विभिन्न थानों से जो 7000 हजार लोगों को पाबंद किया गया है। उसमें 4600 के करीब लोग अपनी जमानत करा चुके हैं। मतलब वह जिला मजिस्ट्रेट के यहां पेश होकर हलफाना आदि दे चुके हैं कि वह शरीफ नागरिक हैं।मतदान के दौरान किसी प्रकार की बाधा वह नहीं पैदा करेंगे। बहुत सारे लोगों को मुचलका भरा के छोड़ा गया है। इसके साथ ही करीब 73 लोगों को गुंडा एक्ट के तहत नोटिस भेजी गई है। इसमें 33 के करीब ऐसे लोग हैं जो माफिया गैंगों से जुड़े हैं या फिर अतीक-अशरफ के करीबी हैं।

**विधानसभा चुनाव में शहर देहात में 56 हजार हुए थे पाबंद**

लोगसभा चुनाव में 107-16 की कार्रवाई में काफी जांच पड़ताल की जा रही है। 2022 में हुए उत्तर प्रदेश के विभानसभा चुनाव में प्रयागराज जिले में कुल 56 हजार लोगों को पाबंद किया गया था। तब 12 विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पाबंद किए जाने की कार्रवाई हुई थी। तब पाबंद किए जाने के मामलों को लेकर कई सवाल खड़े हुए थे।

2022 में पाबंद करने की कार्रवाई में कई थानों में लापरवाही भी सामने आई थी। दरोगा, सिपाही ने कई ऐसे लोगों को पाबंद कर दिया था जो मर चुके थे। या फिर कई ऐसे कार्रवाई की जद में आए थे जो नाबालिग थे। इसे लेकर पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी।

**सीपी ने दिया था अल्टीमेटम : जांच करें, कम करें, सही करें**

असल में पिछले कई चुनावों में महिलाओं, नाबालिगों, मर चुके लोगों के खिलाफ 107/16 की कार्रवाई खाकी के लिए परेशानी का सबब बनी थी। प्रयागराज कमिश्नरेट बनने के बाद इसे लेकर काफी सतर्कता बरती गई। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने चुनाव पूर्व ही दो बैठकें कर साफ किया था कि चुनाव के दौरान होने वाली कार्रवाई पारदर्शी हो। उन्होंने साफ कहा था कि जांच करें, कम करें लेकिन जो कार्रवाई करें सही करें।पुलिस कमिश्नर ने कहा था कि थाने, चौकी में बैठकर पाबंद करने की कार्रवाई कतई न करें। मोहल्लों, गांवों में जाएं। पूछताछ करें। पिछली कार्रवाई की जद में आए लोगों के बारे में पता करें। यदि वह शख्स पाबंद करने लायक है, शांतिभंग का खतरा है तभी नोटिस दें।

**42000 हजार असलहों को जमा होना है, 32000 हो गए**

लोकसभा चुनाव में लाईसेंसी असलहों को जमा कराने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। पुलिस रिकॉर्ड में करीब 42000 लाईसेंसी असलहें हैं। सभी असलहों को जमा कराए जाने की प्रक्रिया तेज है।अब तक जिले में 32000 असलहे जमा भी हो चुके हैं। बहुत सारे लोगों ने असलहों को न जमा करने के कारण स्पष्ट किए हैं। कई मामले कोर्ट तक पहुंचे हैं तो कइयों को सुरक्षा के मद्देनजर असलहे न जमा करने की छूट दी गई है।

### सोशल मीडिया पर गंदा रिकॉर्ड, मांगा जवाब

लोकसभा चुनाव में अबकी बार सोशल मीडिया को लेकर पुलिस सबसे ज्यादा सक्रिय है। पुलिस कमिश्नर ने इसके लिए आईटी सेल की तीन टीमों को गठन किया है। यह टीमों जिलेभर में सोशल मीडिया की गतिविधियों पर निगाह रख रही हैं।वॉट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अभद्र टिप्पणी, फर्जी या फिर पुराने वीडियो, ऑडियो, फोटो अपलोड कर लोगों को बरगलाने, धार्मिक टिप्पणी करने, धर्म को लेकर गलत प्रचार करने, फोटो एडिट करने के मामलों पर विषेश निगरानी की जा रही है।इसी प्रकार पीएम, सीएम समेत अन्य नेताओं के वीडियो को गलत तरीके से पेश करने, सरकारी आंकड़ों की गलत जानकारी देकर लोगों को भड़काने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

आईटी सेल के अलाला डीसीपी, एसीपी, थाने की टीमें भी निगरानी कर जवाब मांग रही हैं। आईटी एक्ट के तहत पिछले तील महीने में 88 लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ है।

# जिला अपराध निरोधक समिति ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव/प्रयागराज।** 19 अप्रैल 2024 को माननीय जिलाधिकारी महादेव जिला विद्यालय निरीक्षक एवं आयुक्त कमिश्नर रेट प्रयागराज तथा पुलिस विभाग पुलिस उपायुक्त यमुना पार एवं प्रदेश जिला सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव जी के आदेश के क्रम में एवं तहसील सचिव दिग्विजय सिंह के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला अपराध निरोधक थाना कमेटी प्रभारी कोराव नरेंद्र देव मिश्र जी के नेतृत्व में कोराव बाजार स्थित जीवन रेखा नर्सिंग होम में एक बैठक की गई।

**बैठक में समस्त वॉलिंटियर एवं कमेटी प्रभारी शफात** अली एवं डॉक्टर अशोक मिश्रा प्रबंधक जीवन रेखा नर्सिंग होम उपस्थित होकर आम मतदाताओं को मतदान हेतु अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्र के इस महापर्व को घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने की पहल किया।



राष्ट्रहित में अपना मूल्य समय निकालकर मतदान करने के लिए प्रेरित की बात की गई। अंत में डॉक्टर अशोक मिश्रा ने सभी को धन्यवाद दिया बैठक में सभासद सेलू प्रजापति तथा चिदानंद मिश्र अजमेर अली संगम लाल जायसवाल राजेश कुशवाहा रामानुज लखन लाल मुकेश कुमार धरम वीर रविकांत आदि लोग उपस्थित रहे

# अफसरों ने कहा मतदान जरूर करें, यह आपका अधिकार

## राज्य कर विभाग ने जागरुकता अभियान चलाया, छात्र-छात्राओं को समझाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में दूसरे राज्यों, शहरों में वोटिंग शुरू हो गई है। ऐसे में प्रयागराज में भी अब सरकारी विभाग, संस्थाएं ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसे लेकर जागरुकता रैली निकाल रही हैं। राज्य कर विभाग की ओर से कटरा स्थित लक्ष्मी टॉकीज चौराहे पर मतदाता जागरुकता अभियान की शुरुआत की गई। राज्य कर विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने एकजुट होकर विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जागरुकता अभियान चलाया। छात्रों, छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। खासकर उनको जो 2024 के लोकसभा निर्वाचन में पहली बार भागीदारी कर रहे हैं।छात्र-छात्राओं को समझाया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में जरूर हिस्सेदारी करें। सभी को जागरूक करते हुए मतदान का महत्व बताया गया। ममता उपाध्याय, प्रतिभा, अंजू उपाध्याय डिप्टी कमिश्नर राज्य कर प्रयागराज, असिस्टेंट कमिश्नर संजय गिरी, वाणिज्य कर अधिकारी रौनक अल्वी आदि मौजूद रहे। अधिवक्ता सतीश चंद जायसवाल व व्यापारी शिव बाबू गुप्त, संजय कुमार ने भी अपनी बात रखी।



**मतदान कर्मियों को दिया जाने लगा प्रशिक्षण**

जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल के निर्देशन में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दिया जाने लगा है। बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज और मैरी लूकस स्कूल एंड कॉलेज में मतदान कार्मिको का प्रशिक्षण हुआ। मतदान के दौरान अहम भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को बताया गया कि पूरे मनोयोग एवं तन्मयता से प्रशिक्षण लें ताकि मतदान के दिन कोई परेशानी न हो। मतदान प्रक्रिया से संबंधित बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण में मतदान कार्मिको को ईवीएम मशीन, सीयू, बीयू, मॉकपोल तथा मतदान समाप्त होने के बाद सील करने एवं प्रपत्रों को ठीक ढंग से भरे जाने की जानकारी दी गई।

# यमुनापार में आग से 50 बीघे फसल जलकर खाक, घंटो मशक्कत के बाद आग पर मिला काबू

**अखंड भारत संदेश**

**बारा/प्रयागराज।** बारा थाना क्षेत्र के हर्रो गांव के किसी किसान ने अपने खेत की गेहूं की फसल को हार्वेस्टर से कटवा लिया था। शुक्रवार को दोपहर में उसमें आग लगा दी। हवा तेज होने के चलते आग इतनी भयावह हो गई कि डांड़ो होते हुए कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझियारी के मजरा बघोलवा तक पहुंच गई। शुक्रवार का दिन बारा तहसील के किसानों के लिए आफत बन कर आया। दोपहर में आग लगी की घटना से एक साथ तीन गांवों के किसानों की फसल खाक हो गई। तहसीलदार बारा की सूझबूझ से गांव को बचा लिया गया किन्तु किसानों की फसल जल कर खाक हो गई। बारा थाना क्षेत्र के हर्रो गांव के किसी किसान ने अपने खेत की गेहूं की फसल को हार्वेस्टर से कटवा लिया था। शुक्रवार को दोपहर में उसमें आग लगा दी। हवा तेज होने के चलते आग इतनी भयावह हो गई कि डांड़ो होते हुए कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझियारी के मजरा बघोलवा तक पहुंच गई। इस दौरान हर्रो,डांड़ो और बघोलवा के बीच लगभग 50 बीघा गेहूं जल कर राख हो गया।आग की लपट देखते ही ग्रामीण सहम गए और खेतों की ओर दौड़े किंतु बिजली कटी होने के कारण किसान पानी की मोटर भी नहीं चला पाए।



शुरू में अग्नि शमन की छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची किंतु उसमें पानी पर्याप्त नहीं था। किसानों ने इसकी जानकारी विधायक बारा को दिया। विधायक बारा डाक्टर वाचस्पति द्वारा विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई।इस बीच तहसीलदार बारा, कौंधियारा, बारा, शंकरगढ़ की पुलिस टीम और अग्निशमन विभाग से बड़ी गाड़ी मौके पर पहुंची।

प्रशासन और ग्रामीणों ने अथक परिश्रम कर आग पर काबू पाया। बारा क्षेत्र के डांड़ो गांव में लगी आग ने इतना भयावह रूप ले लिया था कि उसकी लपटें गांव की ओर बढ़ने लगी थी।इस समय तहसीलदार बारा गणेश सिंह ने खेत के बजाय गांव की ओर बढ़ रही आग को पहले बुझाने का निर्देश दिया। तहसीलदार बारा ने बताया कि यदि गांव की ओर बढ़ रही आग पर काबू न पाया गया होता तो बड़ी घटना घट सकती थी। केवल फसल का नुक़सान हुआ है। बारा के हर्रो,डांड़ो और बघोलवा में लगी आग से दर्जनों किसान प्रभावित हुए हैं। प्रभावित किसानों में मेवा लाल पटेल,शंकर सिंह, सुधाकर सिंह, मीत बहादुर पटेल, रामभवन सिंह, ननकु यादव, संतोष।सिंह आदि किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान के भारपाई की मांग की है। मामले में तहसील बारा गणेश सिंह ने बताया की नुकसान का आकलन राजस्व विभाग की टीम कर रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद शासन को भेजी जाएगी।

# गर्म हवाओं ने प्रयागराज को बनाया प्रदेश में सबसे गर्म

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगमनगरी गुरुवार को खूब तपी। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने पारा दो डिग्री ऊपर चढ़ा दिया। तीखी धूप और गर्म हवाओं ने मिलकर ऐसी गर्मी पैदा की कि लोगों के कंठ सूख गए। गर्मी से राहत के आसार अभी नजर नहीं आ रहे हैं।

मौसम विभाग ने भी कोई राहत वाली भविष्यवाणी नहीं की है। गर्मी ऐसी की राजस्थान का चुरू भी शर्मा जाए और प्रदेश का कोई जिला आसपास न फटके। गुरुवार को प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। इस माह ऐसा सात बार हो चुका है जब सबसे गर्म जिले का तमगा प्रयागराज को मिला है।

सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगी, दोपहर बाद तो लू का अहसास होने लगा। इसकी वजह अधिकतम तापमान दो डिग्री चढ़कर 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को यह 40 डिग्री सेल्सियस था। न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम था। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अभी गर्मी और बढ़ेगी। शुक्रवार को भी तेज सतही हवाएं चलेंगी और तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके साथ ही रात का तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। इवि में भूगोल विभाग के प्रोफेसर एआर सिद्दीकी के अनुसार गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। बीच-बीच में बादल जरूर छा सकते हैं पर बारिश की संभावना नहीं है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं कुलदीप सिंह परिहार पुत्र गनपत सिंह परिहार निवासी एस.डी. एम कालोनी कर्वी चित्रकूट धाम जनपद चित्रकूट अपने पुत्र तन्मय सिंह परिहार का नाम सभी कागजातो में बदलकर रेयांश सिंह परिहार दर्ज करना चाहता हूँ। प्रार्थी के पुत्र तन्मय सिंह परिहार को रेयांश सिंह परिहार पढ़ा व समझा जायें तथा प्रार्थी के पुत्र के सभी कागजातो और आधार कार्ड सम्बन्धी सदस्तावेजो पर तन्मय सिंह परिहार के स्थान पर रेयांश सिंह परिहार दर्ज किया जायें।

# इंतजार हुआ खत्म, यूपी शिक्षा बोर्ड आज, जारी करेगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षार्थियों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परिणाम घोषित करने का दिन निर्धारित कर लिया है। बोर्ड को इसके लिए शासन से भी अनुमति मिल गई है। यूपी बोर्ड का रिजल्ट शनिवार को आएगा।

यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम शनिवार को घोषित किया जाएगा।यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम शनिवार दोपहर दो बजे जारी किया जाएगा। निर्वाचन आयोग और शासन की अनुमति शुक्रवार देर शाम मिलने के बाद सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने तिथि घोषित कर दी। परिणाम की घोषणा यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज में की जाएगी।

परीक्षाफल माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in तथा एनआईसी की वेबसाइट upresults.nic.in पर देखा जा सकेगा। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 व इंटरमीडिएट में 25,77,997 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे।




कुल 55,25,308 पंजीकृत परीक्षार्थी में से 3,24,008 ने परीक्षा छोड़ दी थी। परीक्षा 22 फरवरी से प्रदेश के 8265 केंद्रों पर नौ मार्च तक कराई गई थी। कुल 12 कार्य दिवस में परीक्षा संपन्न कराने के बाद 12 ही कार्य दिवस में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी कराया गया। मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू होकर 30 मार्च को संपन्न हो गया। इसके बाद परिणाम तैयार कराया गया। बोर्ड के इतिहास में यह सबसे जल्दी परिणाम घोषित होने का नया रिकार्ड होगा। इसके पहले वर्ष 2023 की परीक्षा का परिणाम सबसे जल्दी 25 अप्रैल को घोषित किया गया था।

# एमएलसी हाजी इकबाल को इलाहाबाद हाई कोर्ट से राहत, कार्रवाई निस्तारित करने के निर्देश

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व एमएलसी इकबाल बाला के खिलाफ दर्ज 174 ए की कार्रवाई रद्द करने संबंधी प्रार्थना पत्र सप्ताह भर में निस्तारित करने का आदेश ट्रायल कोर्ट को दिया है। कोर्ट ने कहा मौजूदा मामले की आपराधिक कार्रवाई नहीं चल सकती। कोर्ट ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में संबंधित न्यायालय को उक्त आवेदन निस्तारित करने का निर्देश दिया।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व एमएलसी इकबाल बाला के खिलाफ दर्ज 174 ए की कार्रवाई रद्द करने संबंधी प्रार्थना पत्र सप्ताह भर में निस्तारित करने का आदेश ट्रायल कोर्ट को दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने सहारनपुर के इकबाल बाला के दो अलग अलग मुकदमों पर दिया है। ट्रायल कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर कार्रवाई की गई है।

मामले से जुड़े तथ्यों के अनुसार पूर्व एमएलसी पर वर्ष 2023 में थाना मिर्जापुर, सहारनपुर में सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में केस दर्ज किया गया। इससे पहले वर्ष 2022 में भी धोखाधड़ी सहित अन्य मामलों में केस दर्ज किया गया था। इनमें पांच अन्य लोगों को भी आरोपित बनाया गया था।आरोपित एमएलसी ने मुकदमों को फर्जी बताते हुए रद्द करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की जो खारिज हो गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। शीर्ष अदालत ने दोनों प्राथमिकी रद्द कर दी। इसी दौरान ट्रायल कोर्ट में हाजिर न होने पर आवेदक के खिलाफ विवेचक ने प्राथमिकी लिखी।आरोप पत्र दाखिल होने के बाद ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया तो हाई कोर्ट में वाद दायर किया। याची के वकील कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने दर्ज मुकदमों को रद्द कर दिया है। इसलिए इन मुकदमों के अनुसरण में की गई कार्रवाई भी रद्द करने योग्य है। अपर शासकीय अधिवक्ता ने सरकार का पक्ष रखा। कोर्ट ने कहा, मौजूदा मामले की आपराधिक कार्रवाई नहीं चल सकती। कोर्ट ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में संबंधित न्यायालय को उक्त आवेदन निस्तारित करने का निर्देश दिया।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सूबेदार पुत्र चौबे वा मेरी पत्नी सावित्री देवी निवासी कासिमपुर परगना करारी जनपद कौशाम्बी का रहने वाला हूं सिकंदर महेंद्र कुमार राजेंद्र कुमार वीरेंद्र कुमार और सूर्य प्रकाश मेरे पाँच पुत्र हैं सूबेदार व उनकी पत्नी सावित्री देवी ने सार्वजनिक तरीके से घोषणा किया है कि उनका छोटा पुत्र सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू आवारा किस्म का है और लोगो के बहकावे में आ कर अनैतिक कार्य कर रहा है सूबेदार वा उनकी पत्नी सावित्री देवी ने अपने बेटे सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू के आचरण से परेशान होकर के 3 वर्ष पहले उसे घर से बाहर निकाल दिया है सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू का अपने माता-पिता व भाइयों से कोई वास्ता सरोकार नहीं है सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू का घर आना जाना नहीं होता है उसके गलत कार्यों से परिवार वालों को कोई लेना-देना नहीं है लेकिन उसके गलत कार्यों से परिवार वालों को परेशान किया जाता है जिससे आजिज आकर सूबेदार पुत्र चौबे वा उनकी पत्नी सावित्री देवी ने पुत्र सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू से समस्त सामाजिक रिश्ते तोड़ दिए हैं और अपनी चल वा अचल संपत्ति से सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू को बेदखल कर दिया है सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू के द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं उत्तरदाई होगा उसके कृत्य से उसके परिवार वालों से कोई वास्ता प्रयोजन नहीं है सूर्य प्रकाश उर्फ छोटकू को बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद किया जाता है।

**सूबेदार पुत्र चौबे व पत्नी सावित्री देवी**
**निवासी कासिमपुर परगना करारी जनपद**
**कौशाम्बी**

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की हुई मौत



मृतक जितेन्द्र



मृतक सचिन



मृतक बाबूलाल

## तीन की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के नगर पंचायत अंतू के डड़वा से बीते बुधवार को सुल्तानपुर के पूरे पीताम्बर बोलेरो गाड़ी से पूरा परिवार दर्शन करने गया था। दर्शन कर वापस आते समय दुर्गापुर के पास बीती रात करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बोलरो में टक्कर मार दी जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई तथा तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। इलाज के लिये उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है।

नगर पंचायत अंतू निवासी बाबूलाल वर्मा (65) अपने परिवार के जितेंद्र वर्मा (32), सचिन (20), लालती देवी (45), शिव शंकर (25) के साथ बुधवार शाम चतुरपुर निवासी आशीष यादव (38) की बोलेरो बुकिंग करके सुल्तानपुर जनपद के पूरे पीतांबर एक धार्मिक स्थान पर दर्शन करने गए थे। वहां से सभी देर रात्रि घर वापस आ रहे थे। जब वह अमेठी जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर स्थित दुर्गापुर चैराहे पर पहुंचे तो प्रयागराज से अयोध्या जा रही रोडवेज बस की सीधे जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो दूर जाकर पलट गई। सूचना पर पीपरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों के सहयोग से बोलेरो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। उन्हे जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान बाबूलाल, जितेंद्र वर्मा, तथा सचिन की मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल लालती देवी, शिव शंकर और बोलेरो चालक आशीष को गंभीर हालत में चिकित्सकों ने लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है। पीपरपुर पुलिस ने तीनों मृतकों का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक जितेंद्र वर्मा मुंबई में चार्टर्ड अकाउंटेंट था। दो दिन पहले वह मुंबई से घर आया था। दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पीपरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि रोडवेज को कब्जे में लेकर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## रात भर गांव के बाहर रखे रहे तीनो शव, भोर में लाया गया घर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अमेठी के दुर्गापुर में रोडवेज बस व बोलेरो की भिंडत में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत होने से गांव में सन्नाटा छा गया। शुक्रवार भोर में चार बजे शव दरवाजे पर लाया गया तो घर के लोग बदवहाश हो गए। परिवार के लोग घटना को घर की महिलाओं से छुपाए थे। उन्हें घटना की जानकारी न हो सके इस लिए देर शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजन रात में शव लेकर घर नहीं आए। वह पड़ोसी गांव रामपुर रिश्तेदार के घर रात शव रख कर सुबह का इंतज़ार करने लगे। भोर में चार बजे एक साथ तीनों शव दरवाजे पर पहुंचा, तो हर तरफ चीत्कार मच गया। आसपास के गांव के लोग भी गमगीन हो गए। सुबह शव दरवाजे पर लाने के कुछ ही देर बाद परिजन व रिश्तेदार शव की अंतेष्टि के लिए प्रयागराज लेकर गए। इस दौरान आसपास के गांव के लोगों की सांत्वना देने के लिए भीड जमा रही है।

## मायके से ससुराल पहुंची पत्नी, पति का शव देखकर हुई अचेत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जितेंद्र की पत्नी भारती अपने मायके में थी। उसे ससुराल के लोगों ने पति के घायल होने की सूचना दी थी। जब वह सुबह पिता व भाई के साथ ससुराल पहुंची। पति का शव देखकर अचेत हो गई । मृतक की बहने साधना और शिवानी उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन वह खुद ही नहीं संभल सकी। वह भी अचेत होकर गिर गई। होश में आने के बाद वह फोन पर जितेंद्र को जाने से मना करने की बात कहकर रोती चिल्लाती हुई अचेत हो जा रही थी। लोग भी संभालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। वहीं दुर्घटना में घायल लालती देवी उनका बेटा शिवशंकर चालक आशीष को इलाज के लिए लखनऊ में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जिसमें चालक आशीष को गंभीर चोट है। परिजनो के अनुसार वहीं लालती व शिवशंकर की हालत में सुधार हो रहा।

# बूथ के दो सौ मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की नहीं रहेगी प्रचार सामग्रीः सीडीओ

## 44 नये और रिजर्व जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्रटो को किया गया प्रशिक्षित

**अखंड भारत संदेश**



जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रटो के प्रशिक्षण कार्यशाला में बोलते सीडीओ।

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व में विकास भवन सभागार में 44 नये और रिजर्व जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्रटो की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्रट पूरी गम्भीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें, जो भी जिज्ञासाये है उसका समाधान यहीं पर कर लें।

बूथ के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की प्रचार सामग्री नही रहेगी, एएमएफ की उपलब्धता, न ही किसी पार्टी का कार्यालय रहेगा। जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेट्रट अपने सेक्टर एवं जोन के बारे में विस्तृत जानकारी रखें, सम्बन्धित थानों के फोन नम्बर अपने पास सुरक्षित कर लें जिससे चुनाव के दिन सम्पर्क स्थापित करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस बार चुनाव में एमपीएस ऐप का आपको प्रयोग करना है जिसका मतलब मतदाता प्रतिशत संकलन होता है। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेट्रनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर टेट्रनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित विशेष विन्दुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17ए क्या है, 17सी क्या है, टेण्डर वोट क्या है, चैलेन्ज वोट क्या है, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में कौन कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा सुपर मास्टर टेट्रनर डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक राकेश प्रसाद, उप निदेशक एवं प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा सहित रणवीर, अमित कुमार व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों का 20 व 25 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के प्राविधानों के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान से प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दिवस 20 मई एवं 25 मई 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। इसके अतिरिक्त अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मताधिकार का उपयुक्त अवसर प्रदान किये जाने तथा अनाविरल प्राक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह भी आदेश दिया जाता है कि मतदान दिवस के अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन कर्मचारियों से कार्य नहीं लिया जायेगा।

# अधिवक्ताओं के सम्मान में अधिकार के लिए जारी रहेगा संघर्षः अजय

## यूपी बार कौंसिल के सदस्य अजय शुक्ल ने वकालत में ईमानदारी पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूपी बार कौंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल ने कहा है कि अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होने कहा है कि अधिवक्ताओं के लम्बित क्लेम का भी निस्तारण शीघ्रता से कराये जाने की प्रक्रिया जारी है।

शुक्रवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की आम सभा में बार कौंसिल सदस्य अजय ने कहा है कि अधिवक्ताओं के सम्मान तथा अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघर्ष में भी और तेजी लायी जाएगी। उन्होने अधिवक्ताओं से कहा कि वादकारी को न्याय दिलाने के लिए वकालत के क्षेत्र में ईमानदारी तथा मेहनत को प्राथमिकता देना चाहिए। आम सभा में पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव तथा अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने अजय कुमार शुक्ल का माल्यार्पण कर अधिवक्ताओं की ओर से सम्मान किया। उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आरबी सिंह, संजय ओझा, केबी सिंह, ने सभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं की मांगों पर बिंदुवार प्रकाश डाला। इस मौके पर विभूति शुक्ला, उदयराज पाल, अरविंद चैबे, शैलेष मिश्र, सिंटू मिश्र, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, रविशंकर मिश्र, यशवीर सिंह, पीयूष मिश्र, सिद्धार्थ ओझा, शोभनाथ मिश्र, चैतन्य मिश्र, अरविन्द पाण्डेय, चंद्रभाल पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, अरूण सिंह, आशुतोष सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना महेशगंज से उ0नि0 विवेक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र महेशगंज के ग्राम संसारीपुर से एक अभियुक्त भारत लाल गौतम पुत्र भैरव गौतम निवासी संसारीपुर, खेमकरनपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 65/2024 धारा 60 आबकारी अधि0का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर थाना महेशगंज से उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह म0उ0नि0 वन्दना वर्मा, म0का0 गीतांजली वाजपेयी द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र महेशगंज के ग्राम बदगवां से अभियुक्ता उर्मिला सरोज पत्नी गया प्रसाद सरोज निवासी ग्राम बदगवां थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 64/2024 धारा 60 आबकारी अधि0का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## एआरटीओ ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, पौने दो लाख का किया जुर्माना




प्रतापगढ़-जौनपुर बार्डर पर चेकिंग करते एआरटीओ।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिले के एआरटीओ डॉक्टर दिलीप गुप्ता ने प्रतापगढ़ जौनपुर बॉर्डर पर ओवरलोडिंग के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बालू से लदी दो ओवरलोड ट्रकों को जहां सीज किया गया तो वही पौने दो लाख रुपए का जुर्माना भी किया गया। साथ ही वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की भी कार्रवाई की जा रही है। एआरटीओ की कार्यवाही से ओवरलोडिंग वाहनों को पास कराने वाले दलालों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में एआरटीओ डॉक्टर दिलीप गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया शासन के निर्देशानुसार यह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, ओवरलोड वाहन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कड़ी धूप में झुलस जा रहे स्कूली बच्चे

**प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी और कड़ी धूप में दो बजे हो रही जिले के परिषदीय विद्यालयों की छुट्टी बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। धूप इतनी कड़ी है कि घर आने में बच्चे झुलस जा रहे हैं। ऐसे में 40 डिग्री तापमान में स्कूल आने-जाने में बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अप्रैल शुरू होते ही गर्मी का असर दिखाने लगी है। सुबह 10 बजे से ही तेज धूप से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वालों बच्चों को भी आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। लू और भीषण गर्मी के बीच छोटे बच्चे विद्यालय से घर जाने को मजबूर हैं। भरी दोपहरी जब लोग घरों या कार्यालयों में होते हैं तो छोटे बच्चे स्कूल से घर जाने को मजबूर होते हैं। मौजूदा समय में परिषदीय स्कूलों के खुलने का समय सुबह सात पचास से दोपहर एक पचास बजे का है। बीच दोपहर में घर जाते हुए बच्चे झुलस जा रहे हैं।

# संगम लाल ने डॉ0 लोहिया के विचारों को किया था आत्मसातः धर्माचार्य

## संगम लाल शुक्ल की मनी चौथी पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**



संगम लाल शुक्ल के चित्र पर दीप प्रज्जवलन करते धर्माचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी विचारक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के शिष्य संगम लाल शुक्ल पूर्व विधायक की चैथी पुण्यतिथि विवेक नगर में राजेंद्र सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन की अध्यक्षता में मनाई गई।

सर्वप्रथम धर्माचार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास दास ने आपके चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करने की पश्चात कहा कि संगम लाल जी परम ही समाजवादी सिद्धांतों के पोषक थे। आपने डॉ राम मनोहर लोहिया के विचारों को आत्मसात कर लिया था आपकी कथनी और करनी में फर्क नहीं था। हिंदी आंदोलन के सत्याग्रह में आपने मुंबई से लेकर कच्छ तक पदयात्रा किया था। आपातकाल के दिनों में आप पंडित सूर्यबली पांडेय एडवोकेट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संयोजक जन संघर्ष समिति के नेतृत्व मीसा में जेल गए और अलीगढ़ जेल में अपना जीवन जिलों में बिताया ।1977 में आप जनता पार्टी से सदर विधानसभा क्षेत्र से भारी मतों से विजय श्री प्राप्त की लोक बंधु राज नारायण के आप परम समर्थक थे।

मुख्य अतिथि इंद्रभाल मिश्रा एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन ने कहा कि आप सदैव न्याय के पथ पर चले गरीबों मजलूमों की सेवा करते हुए अपना जीवन बिताया। अन्य वक्ताओं में संतोष भगवन संपादक लोक मित्र ऋतुनंदन ओझा, एडवोकेट हेमंत नंदन ओझा, एडवोकेट हरिकेश त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष जूनियर बार संतोष मिश्रा, पूर्व मंत्री जूनियर बार संतोष सिंह, महामंत्री जूनियर बार रविंद्र कुमार रावत, एडवोकेट राहुल सिंह, गया प्रसाद ओझा, एडवोकेट रामराज ओझा, एडवोकेट राम विशाल पांडे, हृदय नारायण शुक्ल, प्रधानाचार्य कमलेश शुक्ला, डा आमोद शुक्ला, आनोद शुक्ला, आशीष शुक्ला सहित अनेक लोगों ने आपको एक महा मानव तथा सच्चा समाज सेवक बताया बताते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने मांग किया कि आपकी एक मूर्ति नगर पालिका क्षेत्र में लगाई जाए। अंत में देवनारायण शुक्ला एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कथा श्रवण से ज्ञान तथा वैराग्य का मिलता है फलः महामण्डलेश्वर आत्मानंद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नया पुरवा चौराहा पर हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। अंर्तराष्ट्रीय कथाव्यास महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में श्रीमद् भागवत कथा का बड़ा महत्व है।

उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा से मनुष्यों को ज्ञान व वैराग्य की प्राप्ति होती है। महामण्डलेश्वर ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन में उद्देश्य व दिशा को दर्शाती है। इसलिए कहते हैं कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उसे ईश्वर के श्रीचरणों में स्थान मिलता है। आत्मानंद जी ने बताया कि धुंधकारी ने अपने जीवन में बहुत पाप किए थे। उन्होने बताया कि कथा सुनकर उसका उद्धार हो गया।

.उन्होंने कथा को वर्तमान समाज से जोड़ते हुये कहा कि आज हमारे समाज में जो भी लोग धुंधकारी के रास्ते पर चल रहे हैं, इस रास्ते पर चलने के कारण उनका विनाश सुनिश्चित है। महामण्डलेश्वर ने कहा कि जीवन में आप से यदि कोई पाप हो जाये तो प्रभु शरण में जाकर उसकी क्षमायाचना करें और किसी अन्य पाप को कभी भी दोहराने का प्रयास न करें। उन्होने कहा कि ईश्वर अपनी सभी संतानों की गलतियों को क्षमा अवश्य ही कर देते हैं। कथा के संयोजक जीतलाल केसरवानी ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर लालजी केसरवानी, साहित्यकार डॉ. अनुज नागेन्द्र, आचार्य अनीस देहाती, विजय अनभिज्ञ, सत्येंद्र सौम्य, जवाहर लाल केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

## जीजीआईसी में एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इंडेन डिविजनल ऑफिस लखनऊ प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ की गैस एजेंसी द्वारा एक सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में किया गया। इसमें छात्राओं को एलपीजी गैस के सही प्रयोग एवं उसके प्रयोग में सावधानियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा डेमो भी दिखाया गया। इस दौरान छात्राओं ने एलपीजी गैस के बारे में कुछ सवाल किये जिसका डेमो दिखाकर छात्राओं को उत्तर दिया गया। इससे छात्राएं काफी प्रभावित हुई और उन्होंने टीम को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या गीता एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



## आगजनी में सैकड़ों बोझ फसल जलकर राख, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**



आगजनी पर काबू करने में जुटे ग्रामीण।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के जैनपुर वार्ड में शुक्रवार की दोपहर अचानक अप्रत्याशित आगजनी से कीमती फसल जलकर राख हो गयी। खेत में अचानक आगजनी देख लोग चीखने चिल्लाने लगे। ग्रामीणों की मशक्कत के बीच फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया। किसानों ने गेहूं की फसल काटकर बोझ बनाकर मड़ाई के लिए खेत में रखा था। वार्ड के अशोक मिश्र का तीन सौ पचास बोझ तथा रामराज मिश्र का तीन सौ बोझ व शिवशंकर मिश्र के भी कुछ फसल का बोझ आग की गिरफ्त में आ गया। खेत में बोझ में बांध कर रखी गयी फसल के जलने से प्रभावित किसानों को खासा गमगीन देखा गया। सूचना मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा सभासद दारा सिंह आदि पहुंचे और पीड़ित किसानों को मदद का भरोसा दिलाया। खेत में फसल मे आग की लपटें देख हडकंप का माहौल भी घंटो बना दिखा।

# रेल लाइन के बगल में फिर मिली बालिका की लाश

## पुलिस का मानना है कि ट्रेन की टक्कर से बालिका की हुई दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के रेल लाइन के आसपास लाश मिलने का सिलसिला नही बन्द हो रहा है संदीपन घाट थाना क्षेत्र में रेल लाइन के पास फिर 20 वर्ष की एक बालिका की लाश मिली है जो तमाम सवाल छोड़ रही है शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने रेलवे लाइन के पास एक बालिका का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची आरपीएफ और थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है।मृतका की अभी तक शिनाख्त नही हो पाई है।

घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लगी है सूचना पर पहुंची आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी हुई है थाना पुलिस का कहना है कि ट्रेन की टक्कर से बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। बालिका की मौत के बाद सवाल खड़े हो रहे हैं कि अगर ट्रेन से बालिका गिरती तो रेल की पटरी के पास ना गिरती क्यों कि ट्रेन पटरी से डेढ़ फिट बाहर रहती है लेकिन बालिका रेल पटरी के ठीक बगल में पड़ी हुई है जिससे इस घटना को आत्महत्या दुर्घटना कहना बकवास साबित होगा और यदि बालिका ने ट्रेन के सामने कुद कर आत्महत्या किया होता या दुर्घटना हुई होती तो बालिका के शरीर छिन्न भिन्न हो जाता शव के टुकड़े टुकड़े हो जाते बालिका के शरीर के चिथड़े उड़ जाते लेकिन बालिका के शरीर में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे इस घटना को दुर्घटना और आत्महत्या कहना पूरी तरह से बिना सिर पैर की बात होगी बालिका की पूरी बॉडी रेल लाइन के बगल में सही सलामत पड़ी है जिससे इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की हत्या करने के बाद लाश को रेल लाइन के किनारे फेका गया है शरीर के ऊपरी हिस्से में पेट पैर में गिट्टी के झटका के तमाम निशान है जिससे यह प्रतीत होता है कि ट्रेन गुजरने के वक्त उड़कर गिट्टियां शरीर पर लगी है जिससे शरीर पर गिट्टियों के निशान बन गए हैं यदि दुर्घटना में गिट्टियों के निशान शरीर में होते तो शरीर के नीचे के हिस्से पीठ में गिट्टियों के निशान होते शरीर के ऊपर के हिस्से पेट में गिट्टियों के निशान होने का कोई औचित्य नहीं है दूसरा सवाल है कि मृतक बालिका मोजा पहने हुए हैं लेकिन मोजे में मिट्टी नहीं लगी है यदि बालिका घर से आत्महत्या के लिए निकलेगी तो मोजा के साथ जूती पहन कर निकलेगी लेकिन बालिका के पैर में जूती नहीं है और मोजे में किसी प्रकार की मिट्टी नहीं लगी है यदि वह केवल मोजा पहनकर घर से निकलती तो मोजे में मिट्टी और कीचड़ गंदगी लगी होती लेकिन मोजा साफ सुथरा दिखाई पड़ा है जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि बालिका को रेल लाइन तक आने में जमीन पर पैर नहीं रखना पड़ा है अब सवाल उठता है कि जिंदा या मुर्दा बालिका को रेल लाइन तक लाने वाला व्यक्ति कौन है।



### रेल लाइन पर अज्ञात लाशों का नहीं बंद हो रहा सिलसिला

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी रेलवे स्टेशन और उसके आसपास रेल लाइन पर अज्ञात लाश मिलने का सिलसिला बीते तीन दशक पूर्व शुरू हुआ है जो लगातार चल रहा है कनवार स्टेशन से लेकर सैय्यद सरावा स्टेशन के बीच आए दिन महिला या पुरुष की लाश मिलती है रेल लाइन के आसपास लाश मिलने का यह सिलसिला कई वर्ष बाद भी नहीं बंद हो सका है और तमाम गंभीर सक्षय परिस्थिति जन्य सबूत को नजर अंदाज कर पुलिस दुर्घटना लिखकर पत्रावली बंद कर देती है जब कि रेलवे लाइन पर मिलने वाली अधिकतर लाश हत्या करके फेंकी जा रही है लाश फेकने वालो तक पुलिस के लंबे हाथ नहीं पहुंच सके हैं सैनी कोखराज चरवा और संदीपन घाट थाना क्षेत्र में भरवारी कनवार और सैयद सरावा रेलवे स्टेशन के बीच 3 वर्षों के बीच कई दर्जन लाश मिल चुकी है जिनका खुलासा नहीं हो सका है।

## न्यूज झरोखा

### जख्मी नीलगाय का इलाज न कराने से तड़प तड़प कर तोड़ दिया दम



**कड़ा कौशाम्बी** सिराथू रेंज क्षेत्र में चार दिन पहले रेतदार तार में फस कर नीलगाय जख्मी हो गयी थी ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दिया कई घंटो के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची रेतदार तार से जख्मी नीलगाय को विभाग के कर्मचारी गाड़ी में भरकर कार्यालय उठा ले गए लेकिन जख्मी नीलगाय का कार्यालय में इलाज नहीं किया गया है जिससे तड़प तड़प कर चार दिन बाद नील गाय ने दम तोड़ दिया है विभाग ने कर्मचारियों के सहयोग से जमीन पर गड्ढे खुदवाकर मृतक नीलगाय को दफन कर दिया है जिससे एक बार फिर वन विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है आखिर इन बेजुबान पशुओं को सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है जख्मी हालत में मिलने के बाद इनका इलाज करने की जिम्मेदारी किसकी है यह तमाम सवाल खड़े हो गए है नीलगाय की इलाज में लापरवाही के बाद मौत के मामले की यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो वन विभाग के रेंजर की बड़ी लापरवाही उजागर होना चाहते हैं

### डॉ. रिजवी डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**कौशांबी** करारी कस्बा स्थित डॉ ए एच रिजवी डिग्री कॉलेज के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्राम व नगर के लोगो को वोट करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ कैप्टन अबुतलहा अंसारी ने की। स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीण इलाकों में घूम घूम कर नारो,बैनर एवम पोस्टर के माध्यम से बताया कि चुनाव लोकतंत्र का हिस्सा है।चुनाव के द्वारा ही लोकतंत्र का निर्माण होता है।देश के निवासी ही चुनावों के माध्यम से देश का भविष्य तय करते है। नारो के माध्यम से "सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो लगाते हुए जन जागरूक किया कौशांबी जनपद में 20 मई 2024 को चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं के इसी महत्व को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से मतदान करना जरूरी है जिससे आपका एक वोट बहुत ही निर्णायक भूमिका निभाता है।इस मौके पर डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ मोहित कुमार त्रिपाठी,सौरभ सिंह, अवधेश मिश्रा, मुकेश ज्ञान सिंह कुशवाहा आदि शिक्षक गण मौजूद थे स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं में मो आफताब,मो गुलाम,राधना अग्रहरी,साधना अग्रहरी, राखी देवी,सदफ जहरा,इशरत फात्मा इत्यादि ने इस रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### अनुपस्थित कार्मिक 20 अप्रैल को प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा दर्ज होगी एफआईआर

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज दूसरे दिन एम0वी0 कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 02 पालियों-प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की गई। प्रथम पाली में-400 एवं द्वितीय पाली में-400 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें प्रथम पाली में सभी कुल 400 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय पाली में 396 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, 04 मतदान कार्मिक-प्रवक्ता महामाया पॉलीटेक्निक चायल रोहित चौहान, सहायक अध्यापक आशीष व राजकुमार एवं प्रधानाध्यापक राजकीय इंटर कॉलेज लौधना पुरन्दर वर्मा अनुपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी प्रकट करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को सूचित किया है कि 20 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में यदि प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते हैं तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जायेंगी।

### जब अफसर नेता लुटने को तैयार तो जनता है मजबूर

**पेट्रोल पंप में चिप लगाकर बेखौफ तरीके से डीजल पेट्रोल के माप में कम किए जाने के मामले पर बांट माप अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही, पेट्रोल डीजल के नाप माप में कमी पर 10 लाख महीने से अधिक की बाँट माप अधिकारियों की होती वसूली**

**कौशाम्बी।** पेट्रोल डीजल के माप नाप में कमी आम बात होती जा रही है पेट्रोल पंप की मशीनों में चिप लगाकर नाप माप के समय मशीन जंप कराई जाती हैं जिससे लोगों के वाहनों में डीजल पेट्रोल कम पहुंचता है आए दिन इस बात को लेकर पेट्रोल पंप में ग्राहकों से नोक झोक होती है लेकिन उसके बाद भी पेट्रोल डीजल की माप में कमी करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर कार्यवाही नहीं होती है बताया जाता है कि मापन की जिम्मेदारी बाट माप विभाग की है लेकिन बाट माप विभाग के अधिकारी 15 हजार रुपए प्रत्येक महीने पेट्रोल पंप से इस बात की वसूली करते हैं कि हम मापन की जांच के दौरान उनकी कमियों को उजागर होने से बचाते रहेंगे। पेट्रोल पंप में माप में कमी का शिकार आम जनता के साथ-साथ नेता अधिकारी भी हो रहे हैं जब यह शातिर पेट्रोल पंप संचालक जिले के कलेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस अधीक्षक के वाहनों में डीजल पेट्रोल भरते वक्त में कमी करने से नहीं चूक रहे हैं अफसर इनके साजिश का शिकार हो रहे हैं तो आम जनता तो मजबूर है पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल के माप नाप के दौरान तेल की कमी को आम जनता मजबूरी वश झेल रही है शातिर पंप संचालक जब अफसर के वाहन में डीजल पेट्रोल के समय उन्हें लूट लेते हैं तो आम जनता तो इनसे लुटने को मजबूर है ताजा मामला मंझनपुर के हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप का है जहां शुक्रवार को फिर पेट्रोल की माप में कमी पाई जाने पर बाइक सवार ने गाड़ी का पेट्रोल निकाल करके फिर से नाप कर दिया तो 30 प्रतिशत पेट्रोल कम पड़ गया यह एक दिन का मामला नहीं है इस तरह के मामले रोज होते हैं। पेट्रोल पंप में शौचालय पीने के पानी वाहनों के टायर में हवा भरने सहित तमाम जन सुविधाओं का अभाव है आखिर कब तक पेट्रोल पंप में आम जनता के साथ अधिकारी नेता इनकी ठगी का शिकार होते रहेंगे और बाट माप अधिकारी उनके नाप माप में कमी के बाद करोड़ों रुपए की वसूली कर मालामाल होते रहेंगे पेट्रोल पंप मशीनों की जांच कराए जाने की जरूरत है और शासन ने मामले को संज्ञान लिया तो कौशाम्बी के साथ साथ पूरे प्रदेश के पेट्रोल पंप संचालक पर मुकदमा दर्ज होना तय है।

## पुलिस प्रताड़ना से पीड़ित युवक ने किया आत्महत्या

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने एमवी. कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज में प्रशिक्षण का लिया जायजा तथा मास्टर ट्रेनरों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश युवक ने सुसाइड नोट में सराय अकिल पुलिस पर लगाये गंभीर आरोप कौशाम्बी सराय अकिल थाना क्षेत्र की एक युवती द्वारा रेप का आरोप लगाए जाने के बाद थाना पुलिस की सौदेबाजी शुरू हुई थी युवक पुलिस की डिमांड नहीं पूरी कर सका जिस पर उसके विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा लिख दिया और मुकदमा लिखा जाने के बाद युवक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुसाइड नोट लिखकर कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी आकर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी है जिससे उसकी मौत हो गई है ट्रेन के लोको पायलट ने घटना की सूचना आरपीएफ को दी,सूचना पर आरपीएफ और भरवारी चौकी पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक के जेब से मिले सुसाइड नोट से उसकी शिनाख्त सराय अकिल थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद निवासी हंसराज पुत्र दिनई पासी के रूप में हुई है। सुसाइड नोट से जानकारी मिली कि मृतक हंसराज पर गांव की ही किसी युवती ने रेप का आरोप लगाया था और सराय अकिल थाना पुलिस उससे रूपयो की डिमांड कर रही थी,रुपए नही देने पर पुलिस ने हंसराज पर रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया था,मुकदमा लिखे जाने की जानकारी जैसे ही हंसराज को हुई वह घर से फरार हो गया और आहत होकर भरवारी रेलबे स्टेशन पहुँचा और ट्रेन के आगे कूद गया,जिसमे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।मौके पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक हंसराज के पास मिला यह सुसाइड नोट अब थाना पुलिस के गले की फांस बन गया है। यह सुसाइड नोट पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्न चिह्न लगा रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।इस मामले में सराय अकिल इंस्पेक्टर विनीत सिंह का कहना है कि हंसराज के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज हुआ था। गांव की युवती ने आरोप लगाया था। प्रकरण की जांच चल रही है।

## घर के अन्दर से भैंस चोरी

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के सिराथू पुलिस चौंकी अन्तर्गत संयारा गांव में कुछ अज्ञात चोरों ने घर के अन्दर बंधी भैंस पर हाथ सफा कर दिया और रातों रात भैंस चोरी करके रफुचक्कर हो गए। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए बताई जाती है मिली जानकारी के मुताबिक भैंस का मलिक अतुल कुमार पुत्र स्व ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव निवासी सायरा ने पुलिस चौकी प्रभारी सिराथू को भैंस चोरी की सूचना देकर बताया कि उसकी रोजी रोटी का साधन एक मात्र सहारा उसकी भैंस थी उस भैस को शुक्रवार को सुबह तड़के उसके घर से कुछ अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया है। जिसके लिए अतुल ने पुलिस से कानूनी कार्यवाही की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। हालाकि पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज जांच पड़ताल कर रही है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की इलाज के दौरान मौत



कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर जीटी रोड पर फिर एक बार रफ्तार का कहर देखने को मिला है बुधवार को एक भट्ठा मजदूर को जहां एक ट्रक ने रौंदा दिया था जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। वही गुरुवार की रात करीब दस बजे जब एक युवक काजीपुर गांव में तिलकौत्सव से निमंत्रण खा कर पैदल ही वापस अपने घर आ रहा था जैसे ही जीटी रोड काजीपुर बाजार के पास पहुंचा था कि पीछे से एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों व राहगीरों की घटना स्थल पर भीड़ लग गई। और पुलिस को सूचना दी गई थोड़ी देर में परिजन भी मौके पर पहुंच गए आनन फानन में घायल युवक को प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान घायल युवक को मृत घोषित कर दिया है। मृतक युवक की पहचान रामबाबू कुशवाहा निवासी ग्राम काजीपुर थाना संदीपन घाट के रूप में हुई है। मृतक रामबाबू की पत्नी शान्ति देवी ने घटना की सूचना संदीपन घाट थाना प्रभारी को देते हुए बताया कि उसका पति राम बाबू दिनांक 18.04.2024 को रात्रि काजीपुर में एक तिलक उत्सव में गए थे रात्रि करीब 10:00 बजे तिलक उत्सव से वापस घर आ रहे थे तभी काजीपुर बाजार में पीछे से आ रहे दो पहिया वाहन उसका नंबर यूपी 70 जीएन 6017 टीवीएस राइडर के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए रामबाबू को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसके पति को सर ने काफी गंभीर चोट आई इलाज के लिए अपने साधन से प्रयागराज के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने इलाज के दौरान रामबाबू की मृत्यु घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का डीएम ने किया निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे सामान्य प्रशिक्षण तथा ईवीएम प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम प्रशिक्षण के प्रत्येक कक्षों के निरीक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान कार्मिकों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने वोटर फैसिलिटेशन सेन्टर का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी कार्मिक/ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड तथा उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को दूसरे दिन दिया गया प्रथम प्रशिक्षण



**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में शुक्रवार को दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह नीतीश यादव एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/ दायित्व की विस्तृत जानकारी/ प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था, वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, एडीएम प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सच्चे देशभक्त सच्चे हिंदू मतदाता सांसद विनोद सोनकर से करने लगे नफरत

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सांसद विनोद सोनकर के कारनामे से त्रस्त मतदाता अब खुलकर विरोध करने लगे हैं सत्ता के घमंड में चूर सांसद विनोद सोनकर अपने को राजा भोज और मतदाताओं को कीड़े मकोड़े समझते हैं मंच से उल्टी सीधी बात करने वाले सांसद विनोद सोनकर के कारनामे से दिन प्रतिदिन मतदाताओं के बीच आक्रोश फैल रहा है सांसद के कारनामे के तमाम वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं जिनमें कुछ पुराने वीडियो भी वायरस हो रहे है लोग संसद के बड़बोलेपन बयान बाजी की चर्चा कर रहे हैं जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के प्रति लोगों का आक्रोश उतनी तेजी से बढ़ता जा रहा है कौशांबी में 5 वर्ष से विलुप्त रहे सांसद विनोद सोनकर अब गांव गांव गली गली मतदाताओं के घर भटक रहे हैं लेकिन 5 वर्षों से विलुप्त हो चुके कौशांबी सांसद विनोद सोनकर की चुनाव प्रचार के दौरान दर दर पर छीछालेदर हो रही है लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कौशांबी लोकसभा से प्रत्याशी विनोद सोनकर को वोट मिले या ना मिले लेकिन भरपेट इनको गाली मिल रही है हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान मंच से मतदाताओं को धमकी देने में सांसद भी पीछे नहीं है जिसने भी विरोध किया एक-एक से हिसाब करने की बात वह कर रहे हैं बीते चुनाव में भी उनके द्वारा मतदाताओं से हिसाब करने की धमकी दी गई थी मोदी के नाम पर दो बार चुनाव जीतने वाले सांसद विनोद सोनकर का प्रचार के दौरान जगह पर विरोध हो रहा है 10 वर्षों पहले इनका कोई राजनीतिक इतिहास नहीं था आम जनता के बीच इनकी कोई पहचान नहीं थी मोदी लहर में विनोद सांसद बन गया है लेकिन अब उन्हें सत्ता का घमंड है जिससे मतदाताओं में तेजी से आक्रोश फैल रहा है यहां तक कि सांसद को गाली गलौज कर मतदाता अपनी भड़ास निकाल रहे हैं सांसद के कारनामे के चलते अब लोगों का आक्रोश अन्य नेताओं तक पहुंच रहा है लोकसभा चुनाव में जिस तरह से कौशांबी सांसद भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर का जगह जगह विरोध हो रहा है आने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में भाजपा के लिए यह शुभ संकेत नहीं है सच्चे देशभक्त सच्चे हिंदू मतदाता विनोद सोनकर से नफरत करने लगे हैं और इन्हें जमकर गाली गलौज कर अपने पेट की भड़ास निकाल रहे हैं इससे नहीं लगता कि कौशांबी से भाजपा का झंडा तीसरी बार फतेह होगा।

### खागा कस्बे में आयोजित सामूहिक विवाह में शामिल हुए कौशांबी के हजारों केसरवानी

**भरवारी कौशांबी।** केसरवानी वैश्य सेवा समिति खागा के तत्वाधान में फतेहपुर जनपद के खागा कस्बे में 19 अप्रैल और 20 अप्रैल को आयोजित सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन में कौशांबी जनपद के भरवारी मूरतगंज सिराथू अझुवा सैनी कड़ा दारानगर सराय अकिल मनौरी मंझनपुर सहित विभिन्न कस्बो के हजारों केशरवानी बंधु खागा कस्बे में आयोजित सामूहिक स्थल पर पहुंचे हैं जहां सामूहिक विवाह कार्यक्रम एवं परिचय सम्मेलन में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई है बताते चलें कि 19 और 20 अप्रैल को खागा कस्बे में केशरवानी समाज का सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें फतेहपुर कानपुर उन्नाव बांदा चित्रकूट कौशांबी प्रयागराज प्रतापगढ़ सहित विभिन्न जनपद के केशरवानी समाज के लोग शामिल हो रहे हैं जिनके रहने और भोजन की व्यवस्था भी केसरवानी वैश्य सेवा समिति खागा द्वारा की गई है सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शादी करने से लोगों को फिजूल खर्ची से राहत मिलती है।

## किरायेदारों ने किराए पर उठाया लोहिया मार्केट

### जिला पंचायत और मंडी समिति के भवन में भी किराएदारों ने किराए पर सरकारी संपत्ति को उठा दिया है

**कौशाम्बी** नगर पालिका मंझनपुर जिला पंचायत कौशांबी मंडी समिति ओसा सहित विभिन्न सरकारी संपत्तियों में भवन दुकान बनाकर उन्हें किराए पर उठाए जा रहे हैं सरकारी कार्यालय से भवन दुकान किराए पर उठाए जाने के वक्त किराएदारों से इस बात का एग्रीमेंट किया जाता है कि वह इस भवन को किसी दूसरे व्यक्ति को किराए पर नहीं देंगे लेकिन उसके बाद नगर पालिका जिला पंचायत मंडी समिति के बने दुकान और भवन में 80 प्रतिशत से अधिक दुकान भवन किराएदारों ने दूसरे को किराए पर उठा दिया है और उनसे सरकारी किराए से कई गुना अधिक किराए की वसूली किराएदारों द्वारा की जाती है जबकि एग्रीमेंट के मुताबिक दूसरे ब्यक्ति को किराए पर भवन देने के बाद उनका एग्रीमेंट रद्द हो जाएगा लेकिन किराएदारों द्वारा दुकान किराए पर देने के बाबत अभी तक नियम और शर्तें तोड़ने वाले किराएदारों पर कार्रवाई नहीं हुई है नगर पालिका मंझनपुर के चौराहे पर बनी लोहिया मार्केट में खुलेआम बीकानेर स्वीट्स की दुकान खुली है यह दुकान दूसरे के नाम पर अलॉटमेंट हुई है बीकानेर स्वीट्स के नाम पर नगर पालिका द्वारा किसी भी दुकान का अलॉटमेंट नहीं किया गया है इसके अलावा भी लोहिया मार्केट की कई दुकानें हैं जिन पर किराएदारों ने किराए पर उठाकर मोटा किराया वसूलना शुरू किया है जिला पंचायत की कई दुकानें किराएदारों ने किराए पर उठाई है मंडी समिति की भी तमाम दुकान किराए पर उठाकर किराएदार कई गुना किराया वसूल रहे हैं किराएदारी के नियम शर्तों का पालन नही हो रहा है और किराए पर उठाने वाली दुकानों की नीलामी निरस्त कर नए लोगों के हाथ दुकान की फिर नीलामी करने की प्रक्रिया में विभागीय अधिकारी हाथ खींच रहे हैं जिससे उनकी निष्ठा पर भी सवाल खड़े हैं आखिर सरकारी नियम और कानून का कैसे पूरी तरह से पालन हो सकेगा नगर क्षेत्र के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकारी दुकानों को किरायेदारों द्वारा किराए पर उठाए जाने के मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की।

## संपादक की कलम से

# नेताओं के बिगड़े बोल पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी

लोकसभा चुनाव का प्रचार उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रही है, प्रचार-अभियान में नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की एवं कड़ा कदम उठाया है। लेकिन क्या इस एक्शन को सचमुच सख्त कहा जाना चाहिए? क्या आपत्तिजनक बयानबाजी और खास तौर से महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के लिए इतनी ही सजा काफी है? ये सवाल इसलिए भी कि चुनावों को हम लोकतंत्र का महोत्सव कहते आए हैं और ऐसे बयान चुनावी उत्सवप्रियता में खलल डालने वाले साबित होते हैं।

राजनीति में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या राजद नेता लालूप्रसाद यादव प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा हो भाजपा नेता ने सोनिया-राहुल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हो, सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विशेषत: महिला नेताओं एवं उम्मीदवारों पर की जा रही कथित विवादास्पद एवं अशालीन टिप्पणियां लोकतंत्र पर बदनुमा दाग बन रही है। इसी तरह सुरजवाला को हरियाणा की एक चुनावी सभा में हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी के लिए दोषी ठहराया गया है।

सुरजेवाला हो या कांग्रेस के अन्य नेता- इन सबको अपनी गलती का अहसास नहीं हुआ हो, ऐसा हो नहीं सकता। लेकिन पहले बयानबाजी कर बाद में लीपापोती करने में जुटना नेताओं का शगल होता जा रहा है। ज्यादा विवाद उठने लगे तो ऐसे तीखे एवं कड़वे बयानों के वीर एवं योद्धा यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर दिखाया गया है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। आधुनिक तकनीकी एवं संचार -क्रांति के जमाने में हर व्यक्ति पत्रकार की भूमिका में हैं, सोशल मीडिया के दौर में जब हर हाथ में कैमरायुक्त मोबाइल रहने लगा है चुनावी सभाओं में कोई बयान सार्वजनिक हुए बिना रह ही नहीं सकता। बात केवल सुरजेवाला की ही नहीं है, इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व हिमाचल प्रदेश में मंडी से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर ऐसी ही अपमानजनक टिप्पणियां सामने आई थीं। चुनाव आयोग के संज्ञान में यह सब भी सामने आया था लेकिन बयान देने वालों को चेतावनी पत्र देकर ही छोड़ दिया गया। सुरजेवाला को लेकर आयोग के आदेश के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव प्रचार के इस दौर में आयोग ने किसी नेता को प्रचार से रोकने जैसा फैसला पहली बार किया है। अड़तालीस घंटे की रोक अवधि पूरी होने के बाद सुरजेवाला फिर चुनाव प्रचार कर सकेंगे, लेकिन इस बात की गारंटी कौन देगा कि आगामी दिनों में वे अपना बर्ताव संयत रखेंगे। वे अक्सर संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं ह्यहेट स्पीचह्न के कारण चर्चा में रहते हैं।

राजनेताओं के नफरती, अमर्यादित, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर चुनाव आयोग का सक्रिय होना नितान्त अपेक्षित है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समय-समय पर बिगड़े बोलो पर कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। कांग्रेस पार्टी ने भाषा एवं बयानों की मर्यादा को लांघा है। दरअसल, कांग्रेस में यह रिवाज ही बन चुका है। चुनाव में वह कुछ बुनियादी समस्याओं पर बोलने की बजाय है, कोई न कोई ऐसी नफरती एवं गैरजरूरी बयानबाजी कर ही देता है जिसका परिणाम आखिरकार पार्टी को भुगतना पड़ता है। इसी कारण पार्टी लगातार जनआधार खो रही है, रसातल में धंसती जा रही है और सुरजेवाला जैसे नेताओं को सजा भी मिलती है।

पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निर्देशों की भी इन्हें परवाह नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों ही चुनाव आयोग को मजबूत करने के प्रयास करते हुए उसे अपनी ताकत का अहसास भी कराया है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि कुछ गलत होने पर उसे प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। चुनाव आयोग सख्ती दिखाए तो किसकी मजाल कि भरी सभाओं में जहर उगलती भाषा का इस्तेमाल कर जाए। दरअसल, इस तरह के प्रकरणों में आचार संहिता से ज्यादा नेताओं की आचरण संहिता की जरूरत रहती है। महिला हो या पुरुष, किसी के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल कतई नहीं होना चाहिए। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल आगे आकर पहल करें। आयोग से पहले खुद अपने ऐसे नेताओं पर सख्ती करे, जिनके विवादास्पद बयान चुनावी माहौल में जहर घोलने का काम करते हैं एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व पर आघात करते हैं।

लोकतंत्र का महापर्व चुनाव राजनीतिक दलों एवं नेताओं के भविष्य को निर्धारित करने का दुर्लभ अवसर है। ऐसे में सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले राजनीतिक दल भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है। जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे। आखिर नेताओं को नफरत का बाजार सजाने की छूट क्यों हो? इस समस्या से निपटने के लिए ह्यहेट स्पीचह्न को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है? मगर इस दौर की राजनीति का स्वरूप कुछ ऐसा बनता गया है कि दूसरे दलों एवं उनके नेताओं के खिलाफ नफरती भाषण देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास किया जाने लगा है।

# 12 साल की बच्ची ने खोजा दैत्याकार जबड़ा

ब्रिटेन के एक पिता-पुत्री को सोमरसेट के समुद्र तट पर एक दैत्याकार समुद्री जीव का जबड़ा मिला है जो 20.2 करोड़ साल पुराना है.

इंग्लैंड के सोमरसेट पर एक पिता-पुत्री को मिला अवशेष दुनिया के सबसे विशाल जानवरों में से एक का जबड़ा है. यह अवशेष 20 करोड़ साल से भी ज्यादा पुराना है. वैज्ञानिकों ने बुधवार को कहा कि यह इचिथ्योसॉर का जबड़ा है, जो धरती पर मौजूद रहे सबसे बड़े जानवरों में से एक था.

वैज्ञानिकों ने इचिथ्योसॉर के अब तक मिले अवशेषों के आकार से इसकी तुलना के बाद कहा कि यह दैत्याकार सरीसृप ट्रायसिक युग में समुद्र में विचरता था. इसका आकार 72 से 85 फुट के बीच होता था. आज जो सबसे बड़ी व्हेल मछलियां मौजूद हैं वे करीब इसी आकार की हैं. ब्लू व्हेल को दुनिया का सबसे बड़ा प्राणी माना जाता है और वह 100 फुट तक लंबी हो सकती है. जब पृथ्वी पर डायनसोर रहते थे तब समुद्र में इन्हीं विशालकाय सरीसृपों का राज हुआ करता था. ये करीब 16 करोड़ साल तक मौजूद रहे. लगभग नौ करोड़ साल पहले ये विलुप्त हो गए. इनका आकार अलग-अलग हो सकता था. ये मछलियों और अन्य समुद्री जीवों को खाते थे.

**पिता-पुत्री की खोज**

2020 में रूबी रेनल्ड्स और उनके पिता जस्टिन रेनल्ड्स को सोमरसेट के ब्लू एंकर बीच पर यह अवशेष मिला था जो दूसरा ऐसा जबड़ा है. इससे पहले सोमरसेट के ही लिलस्टॉक बीच पर 2016 में ऐसा ही एक जबड़ा मिला था.

मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी में प्राणीविज्ञानी डीन लोमैक्स ने इस अवशेष के अध्ययन के बाद एक शोध पत्र प्रकाशित किया है. पीएलओएस वन (ढछडर डठए) पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में लोमैक्स लिखते हैं, "यह सोचना ही रोमांचकारी है कि ट्रायसिक युग में जब जमीन पर डायनासोर रहते थे, तब इस इलाके के समुद्र में ब्लू व्हेल के आकार के दैत्याकार इचिथ्योसॉर तैर रहे थे.ह्न

2020 जब रूबी रेनल्ड्स और उनके पिता को यह अवशेष मिला था, तब वह 11 साल की थीं. वह समुद्र तट पर अवशेषों की खोज में ही घूम रही थीं, जब उनकी नजर एक अवशेष पर पड़ी. उन्होंने आसपास के इलाके को और गहनता से खोजना शुरू किया और एक और ज्यादा बड़ा टुकड़ा मिला. फिर उन्होंने लोमैक्स से संपर्क किया जो दुनिया में इचिथ्योसॉर के जानेमाने विशेषज्ञ हैं. तब विशेषज्ञों की मदद से आधी जमीन में दबी इस हड्डी को निकाला गया.

**रोमांचकारी अनुभव**

पहली बार इचिथ्योसॉर की खोज भी एक 12 साल की बच्ची ने ही की थी. 19वीं सदी की ब्रिटिश अवशेष खोजी मैरी ऐनिंग ने पहली बार इचिथ्योसॉर के अवशेष की खोज की थी. रूबी रेनल्ड्स की तुलना मैनिंग से की जा रही है।

# उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति

**- ललित गर्ग -**

भगवान हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे उन्नत जीवन के आधार है। उनसे सफल एवं सार्थक जीवन के प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं। मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है।



उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये।

भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है।

हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिए ह्यविश्ववेदसम्ह्न शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। हनुमान अपने युग के विद्वानों में अग्रगण्य थे। उनकी गणना सामान्य विद्वानों में नहीं, बल्कि विशिष्ट विद्वानों में की जाती थी। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए ह्यबुद्धिमतां वरिष्ठंह्न कहना पूर्ण युक्ति संगत है। ह्यरामचरितमानसह्न में भी उनके लिए ह्यअतुलित बलधामंह्न तथा ह्यज्ञानिनामग्रगण्यमह्न इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था।

हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे।

प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी।

मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमानजी शिव के अवतार माने जाते हैं और ग्यारहवें रुद्र के रूप में इनकी मान्यता है। कहते है-मयार्दा पुरुषोत्तम राम की सार्वकालिक सेवा करने एवं रावण-वध में उनका सहयोग करने के लिए भगवान राम का अवतार लेने से पूर्व ही त्रेतायुग में शिवजी ने अपने ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतार लिया था। वह ह्यहनुमानजीह्न के पवित्र लोकोपकारी नाम से विख्यात हुए। महादेव का हनुमान के रूप में अवतरण लेने के सन्दर्भ में कहा जाता है कि भगवान विष्णु महादेव के इष्ट देव हैं। वे उनके श्रीचरणों के शाश्वत पुजारी हैं। त्रेतायुग में रावणादि राक्षसों का सकुल संहार करके उनका उद्धार करने के लिए ही भगवान विष्णु अयोध्या के महाराज दशरथ के यहां अपनी सोलह कलाओं सहित पुत्र रूप में अवतरित हुए। अतः उनकी सेवा करने के लिए महादेव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया।

तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। अतः उनकी उपासना के लिए साधक को सदाचारी होना अनिवार्य है। उसे मिताहारी, जितेन्द्रिय होना चाहिए। हनुमान साधना करने के लिए हर व्यक्ति उसका पालन नहीं कर सकता, इसलिए इस चेतावनी का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हनुमानजी को सिद्ध करने का प्रयास भौतिक सुखों की प्राप्ति या चमत्कार प्रदर्शन के लिए कभी नहीं करना चाहिए। उनकी भक्ति के माध्यम से भगवान राम के दर्शन तथा उनकी कृपा प्राप्त की जा सकती है। यह भक्ति हृदय की पवित्रता से ही संभव है और इसी से व्यक्ति घर और मन्दिर दोनों में एक-सा होता है। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यो को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में राम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में राम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिए थे।


हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। ह्यजिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठह्न- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

प्रेषकः
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे।भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- ह्यअहिंसाह्न। सबसे पहले ह्यअहिंसा परमो धर्मःह्न का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ ह्यमहाभारतह्न के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। ह्यआत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत्ह्नह्न इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।

एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था। महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना।



भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। ह्यणो हीणे णो अइरित्तेह्न-उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने- ह्यपुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता हैह्न औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है।

भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो ह्यजियो और जीने दोह्न जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सके? इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार। इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था- ह्यखणं जाणाहि पंडिएह्न, जो क्षण को जानता है, वह सुख और दुःख के निमित्त को जानता है।

आज मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो।

भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। उनके उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। वे चिन्मय दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को हरता है। वे सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता हैं। वे इस सृष्टि के मानव-मन के दुःख-विमोचक हैं।

# प्रांतीय राजनीति की चुनौती

**- अरविन्द मोहन**

क्षेत्रीय दलों की धमक बढ़ने के पीछे उनकी संसद मे उपस्थिति बढ़नी मुख्य कारण था। उनके मजबूत समर्थकों ने जोखिम लेकर भी उनके उम्मीदवारों को संसद में भेजा। जाहिर तौर पर ऐसा राज्य में मजबूती आने के बाद हुआ। और एक समय तो ऐसा आया कि चुनाव आयोग की परिभाषा से राष्ट्रीय मानी जाने वाले सारी पार्टियों के सांसदों की कुल संख्या क्षेत्रीय दलों के सांसदों से कम होने लगी।

नरेंद्र मोदी और उनकी प्रचार मंडली को इस बात का श्रेय दिया ही जाना चाहिए कि वे इस चुनाव में कई मामलों में बढ़त बना चुके हैं। सरकार, भाजपा की जगह मोदी की गारंटी और चार सौ पार जैसे नारों से उन्होंने अपने समर्थकों को उत्साहित करने की कोशिश की है। नए नारे या जुमले गढ़ने में मोदी जी का जबाब नहीं है। पहले भी काफी बार ऐसे नारे गढ़े गए थे और उनके न पूरा होने या चुनाव हारने के बाद अमित शाह को कहना पड़ा कि ये तो अपने कार्यकताओं को उत्साहित और प्रेरित करने के लिए हैं।

आज यह सवाल सबसे मौजूं है कि चार सौ सीटें आएंगी कहां से? जो कोई राज्यवार हिसाब लगाता है वह सारी उदारता बरतते हुए भी 272 पार नहीं कर पाता क्योंकि उत्तर और पश्चिम के राज्यों में भाजपा ने पिछली बार लगभग सारी सीटें जीती थीं और दक्षिण तथा पूरब में बहुत कम। इस बार दक्षिण और पूरब में भी सीटें बढ़ने की जगह घटती लग रही हैं और उत्तर तथा पश्चिम में भी। वहां भाजपा के लिए सीटें बढ़ाने की गुंजाइश तो नहीं ही बची है। भाजपा को अपने सौ से ज्यादा सांसदों का टिकट काटना पड़ा है और जगह-जगह बगावत है। कई मंत्री बेटिकट रह गए हैं। दर्जन भर मुद्दों की रस्साकशी के बाद मोदी जी खुद मुद्दा बन गए हैं, सारा चुनाव अपने ऊपर ओढ़ लिया है। चुनाव घोषणा पत्र में सबसे ज्यादा 65 बार नरेंद्र मोदी आया है।

जब काफी लंबी अनिश्चितता के बाद अचानक इंडिया गठबंधन उभर आया तो सारी कवायद उसे बदनाम करने, तोड़ने और एक 'शेर और जाने कितने गीदड़ों' की लड़ाई बताने की रही। पर जल्दी ही समझ आया कि लीडर के दावे और सारे प्रचार के बावजूद विविधता भरे इस देश में गठबंधन के बगैर काम नहीं चलाने वाला है तो सारे लिहाज छोड़कर जाने किस-किस दल या नेता के साथ गठबंधन किया गया, एनडीए को पुनर्जीवित करने का नाटक किया गया। कई राज्यों में स्थानीय मजबूद क्षेत्रीय दल के खिलाफ साम- दाम- दंड- भेद अपनाने के बावजूद बात नहीं बनी।

इस बदलाव के बावजूद यही लगता है कि भाजपा के रणनीतिकारों को यह बात समझ ही नहीं आई है कि नब्बे के दशक के बाद इस देश की राजनीति एकदम बदल गई है। भले इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1985 में कांग्रेस को 413 सीटें मिलीं लेकिन उसे अपना कार्यकाल पूरा करना भारी पड़ गया। जीत के इसी गुमान में कांग्रेस ने अपने चंडीगढ़ अधिवेशन में एकला चलो का नारा दिया था जबकि वी.पी. सिंह ने अपने मुी भर साथियों के साथ अलग किस्म की राजनीति की और भाजपा तथा कम्युनिष्ट पार्टियों को भी मजबूर किया कि वे उनकी सरकार को समर्थन दें। दुर्भाग्य से यह प्रयोग तो लंबा नहीं चला लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों को गठबंधन राजनीति और क्षेत्रीय दलों की उभरती ताकत का अंदाजा हो गया। राव साहब ने क्षेत्रीय दलों को गलत ढंग से पटाकर अल्पमत की सरकार चलाई लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने तो धारा 370 हटाने, राम मंदिर का निर्माण और कामन सिविल कोड जैसे अपने बुनियादी मसलों को ताक पर रखकर नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस- एनडीए बनाया और राज किया।

यह नई चीज थी- देश में क्षेत्रीय दलों की राजनीति का निरंतर प्रबल होना। नेहरू के समय के कांग्रेस के बारे में माना जाता था कि वह सामाजिक स्तर पर एक 'रेनबो कॉलिशन' बनाकर चलती थी। प्रसिद्ध राजनीति विज्ञानी रजनी कोठारी इसे नेहरू माडल ही कहते हैं। हालांकि तब भी पूर्वोत्तर, तमिलनाडु और पंजाब में भिन्न स्वर सुनाई देने लगे थे लेकिन कुल मिलाकर कांग्रेस सारे समाज को साथ रखती थी। पर धीरे धीरे वह ब्राह्मण, दलित और मुसलमान पार्टी बनने लगी और मध्य जातियां समाजवादी आंदोलन के प्रभाव में उससे छिटकती गईं। कालांतर उन्होंने अपनी मजबूत पार्टियां बनाईं। आज उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, हरियाणा में लोकदल, पंजाब में अकाली दल, कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-पीडीपी, ओडिशा में बीजद, प. बंगाल में टीएमसी और दक्षिण के राज्यों की तो पूरी राजनीति क्षेत्रीय दलों के कब्जे में आ गई। शुरू में कांग्रेस और कथित राष्ट्रीय पार्टियां इन आंदोलनों/दलों को देश की एकता के लिए खतरा बताती थीं, इनके नेताओं को जातिवादी-परिवारवादी बताती रहीं। लेकिन वीपी सिंह वाले प्रयोग ने यह ठप्पा हटा दिया। देश में पहली बार सिर्फ एक मुसलमान मुफ्ती मोहम्मद सईद को गृह मंत्री ही नहीं बनाया गया था, अंगरेजी न जानने वाले देवी लाल उप प्रधानमंत्री और फिर तो रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय समेत सारे महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर क्षेत्रीय सूरमा आए और उन्होंने मजे से बढ़िया शासन किया। 'कुशासन और जंगल राज' के लिए बदनाम लालू यादव का रेल मंत्रालय प्रबंधन हार्वर्ड के मैनेजमेंट कोर्स में शामिल हुआ। कई फैसले (खासकर क्षेत्रीय दल से जुड़े मंत्रियों को लेकर) दिल्ली की जगह चेन्नई, लखनऊ और पटना में होने लगे।

## एसपी के निर्देश पर आठ पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आठ लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

शुक्रवार को कर्वी कोतवाल ने सूरज पुत्र अशोक कुमार द्विवेदी भरतपुरी, मनोज पुत्र अशोक कुमार द्विवेदी भरतपुरी, सुरेश पुत्र शिवलोचन छिपनी बाहरखेड़ा, रिंकू पुत्र शिवलोचन छिपनी बाहरखेड़ा, कीर्तिमान उर्फ बब्बू पुत्र रामकेश नारायणपुर, रामबाबू उर्फ रामू पुत्र रामकेश गोल तालाब कसहाई, अजय व अज्जू पुत्र पप्पू मौर्य गोल तालाब कसहाई पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## सही ढंग से लें प्रशिक्षण, मतदान में न हो कोई परेशानी: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने लोकसभा चुनाव को लेकर चित्रकूट इंटर कॉलेज की दोनों पालियों में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।



शुक्रवार को निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने जमा काउंटर, पोस्टल वैलेट, कैंसिलेटशन सेंटर का निरीक्षण किया। नोडल प्रभारी पोस्ट बैलेट ओमप्रकाश मिश्रा को निर्देश दिये कि द्वितीय पाली में सभी ईडीसी जमा करायें, तभी सभी की ट्रेनिंग सही मानी जाएगी। प्रशिक्षण कक्ष में बैठकर मतदान बाबत मास्टर ट्रेनर्स के दिये प्रशिक्षण को बारीकी से समझा। उन्होंने कहा कि सभी लोग मनोयोग से सीखे, ताकि मतदान कराने में कोई समस्या न आये। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीएसए लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस पर लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** हेला गांव के पिता-पुत्र ने मानिकपुर पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के हेला गांव के मनीष कुमार ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए बताया कि 17 अप्रैल को घर आये थे। पड़ोसी युवती घर आ गई। युवती की मां ने युवक व पिता के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस पिता-पुत्र को थाने लेकर शान्तिभंग के तहत कार्रवाई कर दी। पुलिस ने मारपीट भी की है। पीड़ित ने एसपी को सौंपे पत्र में कार्यवाही की मांग की है।

## तमंचा लहराना युवक को पडा भारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोस चुनाव में तमंचा लहराकर रील बनाना युवक को महंगा पडा। 315 बोर के तमंचा समेत अभिराज सिंह उर्फ भोलू सिंह पुत्र उदयवीर सिंह अगरहुंडा को रैपुरा पुलिस ने तमंचा-कारतूस समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि युवक फिल्मी स्टाइल में शस्त्र लहराकर रील बनाकर इंस्टाग्राम में पोस्ट किया था।

## एसपी ने परेड की सलामी लेकर दिये निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को एसपी ने परेड निरीक्षण दौरान कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। परेड मैदान में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार के प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। परेड, परिवहन शाखा, बैरिक, भेजनालय कक्ष का निरीक्षण कर सम्बन्धित को निर्देश दिये। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का अर्दली रुम किया।

इस मौके पर सीओ सिटी राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण सिंह व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो के कब्जे से 41 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 41 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

शुक्रवार को पहाडी थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने तेजपाल पुत्र जियालाल बाबूपुर के कब्जे से 21 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा शिवसागर दुबे ने सिपाही राममूरत मिश्रा के साथ शिवप्रसाद पुत्र माता प्रसाद पवारी मदना थाना रैपुरा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

## कानपुर: हत्या मामले में आजीवन कारावास व पच्चीस हजार का जुमार्ना

**कानपुर।** पनकी पुलिस की अच्छी पैरवी की वजह से कानपुर एडीजे 12 के न्यायालय ने शुक्रवार को हत्या मामले में आरोपी को दोष सिद्ध होने के बाद आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपए का जुमार्ना से दण्डित किया है। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त विजय ढुल ने दी।

उन्होंने बताया कि पनकी निवासी अमित मिश्रा पुत्र मुनी निगम के खिलाफ पनकी थाने में वर्ष 2018 हत्या का मुकदमा दर्ज था। मामले की सुनवाई कानपुर एडीजे 12 न्यायालय में चल रही थी। एडीजीसी इन्द्र लता शुक्ला और प्रभारी निरीक्षक पनकी मानवेन्द्र सिंह की अच्छी पैरवी और मुकदमा साक्ष्य प्रस्तुत करने की वजह से न्यायालय ने आरोपित अमित मिश्रा के खिलाफ दोष सिद्ध हो गया।

दोष सिद्ध होने के बाद न्यायालय ने शुक्रवार को हत्या एवं आर्म्स एक्ट के मुकदमे में अलग-अलग सजा सुनाई। पहले हत्या के मुकदमे में आजीवन कारावास और 25 हजार का जुमार्ना से दण्डित किया। इसके साथ ही जुमार्ना न भर पाने की स्थिति में दो वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इसी तरह आर्म्स एक्ट मामले में दो वर्ष की श्रम सजा और दो हजार जुमार्ने की सजा सुनाया है। न्यायालय की सजा के बाद अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बांदा-चित्रकूट भाजपा की सीट भी खतरे में?

## बसपा प्रत्याशी बाप के नक्शे कदम पर-सपा प्रत्याशी के पक्ष में विधायक अनिल प्रधान बना रहे माहौल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जीत की और न हार की जिद है- दिल को शायद करार की जिद है- भले ही भाजपा नेता जोर-जोर से दावे करे चार सौ पार के, सच तो ये है कि सभी दावे खोखले से नजर आ रहे हैं। लोकसभा के पहले चरण के यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर हुए आज मतदान से इंडिया गठबंधन के मजबूत होने की खबरें छन-छन कर मिल रही हैं। ऐसे में बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल की भी सीट फंसती नजर आ रही है।

जिस तरह से दस साल भाजपा के सत्ता में रहने दौरान बेरोजगारों के लिए कुछ न करना व महंगाई पर काबू न करने- का विरोध लोग जता रहे हैं। भले ही लोग मुंह पर न कहें, अपने आगे सभी लोग मानते हैं कि भाजपा ने दस साल में कुछ भी ऐसा नहीं किया, जिसे उल्लेखनीय कहा जा सके। सपा-कांग्रेस-आम आदमी पार्टी समेत 26 दलों के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल के पक्ष में सदर विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में युवाओं की टीम कुछ ऐसे अंदाज में काम कर रही है कि गठबंधन प्रत्याशी भारी पडता दिख रहा है। सपा-कांग्रेस-आप की टीम भी अपने स्तर से लोगों को भाजपा के खिलाफ लामबन्द कर रही है। दूसरी ओर बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी अपने बाप के नक्शे कदम पर चलते नजर आ रहे हैं। वे सिर्फ ब्राम्हण मतों के भरोसे चुनावी समर में खडे दिख रहे हैं। उनको बसपा संगठन से कोई वास्ता फिलहाल नहीं दिख रहा। ब्राम्हण समाज के लोग भी उन्हें सब्जबाग दिखाने में जुटे हैं। उनका मानना है कि ब्राम्हण व दलितों के मतों के बूते वे चुनावी नइया पार कर लेंगे।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को चार लाख 77 हजार 938 मत मिले थे, तब सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी स्व श्यामाचरण गुप्ता को तकरीबन चार लाख 23 हजार मत मिले थे। वे भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल से तकरीबन 55 हजार मतों से चुनाव हार गये थे। गुप्ता के चुनाव हारने का मुख्य कारण अति आत्मविश्वास रहा है। वे आत्मवंचना के शिकार न होते तो 2019 में वे ही सांसद चुने जाते। इस बार चुनावी समर में सपा-बसपा अलग-अलग खडे हैं। ऐसे में श्यामाचरण को मिले तकरीबन चार लाख 23 हजार मतों को विभाजित कर दें तो भी गठबंधन प्रत्याशी की जीत नहीं होगी। इन मतों को अब दस साल की भाजपा की सत्ता का विरोध में देखा जाये तो मोदी का वह वर्चस्व नहीं रहा, जो 2014 व 2019 में रहा है। वैसे भी आरके सिंह पटेल 2019 में मानिकपुर से 33 हजार, बांदा से 30 हजार व कर्वी से तीन हजार मतों से आगे रहे हैं। बबेरू-नरैनी से वे चुनाव में हारे थे। बबेरू व नरैनी में सपा का पलडा भारी था। इस बार के चुनाव में सांसद आरके सिंह पटेल की जीत के भले ही लोग बडे-बडे दावे करें, लेकिन सीट तो फिलहाल फंसी दिख रही है। बुलंदी देर तक किस शख्स के हिस्से में रहती है, बहुत ऊंची इमारत हर घडी खतरे में रहती है- फिलहाल बात यहीं खत्म।

## जीतेगी तो भाजपा ही: नरेन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कपसेठी गांव के प्रधान पति नरेन्द्र सिंह ने दावा किया कि कोई कुछ भी कहे, जीतेंगे तो आरके सिंह पटेल ही। जीत का अन्तर भले ही डेढ लाख मतों से न हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकर्षण अभी इतना कम नहीं हुआ कि भाजपा चुनाव न जीते। वैसे भी सांसद आरके सिंह पटेल का भी खुद का व्यक्तित्व है कि वे लगातार दूसरी बार बांदा-चित्रकूट के सांसद बनेंगे।

# नामदेव समाज ने ठाना, जहां मिलेगा सम्मान-वहां करेंगे मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** समाज हित की बात करने वाली पार्टी को दर्जी समाज समर्थन करेगी। अभी तक किसी पार्टी ने दर्जी समाज की सुध नहीं ली।



शुक्रवार को नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति के अध्यक्ष अशोक नामदेव पत्रकार ने समाज की हुई बैठक में कहा कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। घोषित प्रत्याशियों ने जनसमर्थन को हर जाति के लोगों से मिलना शुरू कर दिया है, लेकिन नामदेव दर्जी समाज को किसी पार्टी ने महत्व नहीं दिया। यहां तक कि संगठन में कभी समाज के किसी व्यक्ति को पद भी नहीं दिया। किसी चुनाव में सहभागिता भी नहीं दी। सिर्फ वोट लेने तक सीमित रखा है। बांदा-चित्रकूट लोकसभा में तकरीबन 25 हजार नामदेव दर्जी समाज हैं। राजनीति में शून्य नामदेव दर्जी समाज की लगातार उपेक्षा से नाराज स्वजातीयों ने तय किया है कि एकजुट होकर किसी एक पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगे। नामदेव दर्जी समाज का जहां मान-सम्मान होगा, वहीं नामदेव दर्जी समाज बैठक कर उसके पक्ष में मतदान करेगा। बांदा-चित्रकूट से बैठक में तकरीबन एक सैकड़ा नामदेव समाज के लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर से नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति की अगुवाई में उसी के पक्ष में मतदान करेगी, जहां उसे सम्मान मिलेगा। बैठक में बांदा जिले से रमेश नामदेव, चन्द्र प्रकाश कमासिन, शिवपूजन नामदेव बबेरु, सुशील नामदेव अतर्रा, रामचंद्र नामदेव, सुनीत नामदेव बिसंडा, शिवचरण नामदेव, ज्ञानेश नामदेव बांदा, संतराम तिंदवारी, चित्रकूट से डा हरीशंकर नामदेव, विनोद नामदेव पहाड़ी, मनोज नामदेव मऊ, राकेश नामदेव राजापुर, राजा नामदेव मानिकपुर, बैजनाथ नामदेव शिवरामपुर, राजेन्द्र नामदेव पहरा, शिवशंकर नामदेव, रामनरेश नामदेव, कुलदीप नामदेव कर्वी, रविकरण अगरहुण्डा आदि मौजूद रहे।

# राजनैतिक दलों के लोगों को ईवीएम की दी सूची

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव परदर्शिता व सुचिता से मतदान संपन्न कराने को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में एनआईसी में भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर सिस्टम से ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया।



शुक्रवार को रेंडमाइजेशन बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वीयू, सीयू व वीवीपैट मशीनों की विधानसभा वार सूची भी उपलब्ध कराई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार जिले में लोकसभा चुनाव मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिया। कहा कि सभी कार्यवाही पारदर्शिता से की जाये। उन्होंने रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताते-समझाते हुए कहा कि ये भारत निर्वाचन आयोग का सॉफ्टवेयर रैण्डम रुप से निर्धारित करेगा कि कौन सी मशीन किस विधानसभा क्षेत्र में रहेगी। सभी के सामने डेमो दिखाया। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति से फाइनल कर कौन सी मशीन किस विधानसभा में रहेगी की सूची प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने बताया कि सेकेंड रेंडमाइजेशन नौ मई को होगा। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एडीएम नमामि गंगे श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उपकृषि निदेशक राजकुमार, सीपीएम से रुद्र प्रसाद मिश्रा, सपा से नरेंद्र यादव, कांग्रेस से कुशल सिंह पटेल, बसपा से शिवबाबू, भाजपा से तीरथ तिवारी, अपना दल यश से रामसिया पटेल, आम आदमी पार्टी से संतोषीलाल शुक्ला मौजूद रहे।

# मतदान है अहम, 20 मई को करें सब मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद व सीडीओ/नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन 20 मई को जिले की दोनों विधानसभाओं में 70 फीसदी से अधिक मतदान कराने की गरज से स्वीप कैलेंडर अनुसार प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं से मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, भाषण, निबंध, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगितायें कराई जा रही हैं।



शुक्रवार को मतदाता जागरूकता के तहत जारी अभियान में छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता में युवा मतदाताओं के साथ छात्र-छात्राओं के माता-पिता व घर- परिवार के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं की गतिविधियों की चर्चा घरों में कर रहे हैं। उनके परिवार के लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ रही है। वे अपने मताधिकार के प्रयोग को 20 मई को बूथों में जाने को तैयार हैं। 18 अप्रैल को जेएम सिंह बालिका इंटर कालेज कर्वी, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंका कर्वी, जीडीएनडी इंका कर्वी, चित्रकूट इंका कर्वी, वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय राजापुर, राजकीय बालिका इंका मानिकपुर व 19 अप्रैल को राजकीय हाईस्कूल सेमारिया चरनदासी, बड़ी मड़ैयन, ददरी, देशराज सिंह कृषक इंका कांडीखेरा, छत्रपति शाहूजी महाराज इंका रगौली, सीपी गौतम महाविद्यालय तेंदुआखुर्द रामनगर के बालक-बालिकाओं ने मेहंदी-रंगोली व पेंटिंग में मतदान तिथि का जिक्र करते हुए मतदाता जागरूकता बाबत नारे लिखे।

# चित्रकूट गौरव दिवस पर सद्गुरु ने जलाये डेढ़ लाख दीप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गौरव दिवस पर मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की तपोभूमि साढ़े 11 लाख दीपों से जगमगा उठी, जैसे आकाश में सितारे रोशनी बिखेरते हैं। मप्र क्षेत्र व उप्र क्षेत्र दीपकों से जगमगा उठा। गौरव दिवस पर सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट ने एक लाख पचास हजार दीपक जलाये। चित्रकूट गौरव दिवस को बड़े पर्व के बतौर मनाया। ट्रस्ट ने भरतघाट में 70 हजार, जानकीघाट चरण चिन्ह से ओशो आश्रम 35 हजार, तुलसी मार्ग में पांच हजार, चिकित्सालय परिसर में पांच हजार, सतना मार्ग चिकित्सालय प्रवेशद्वार से आरोग्यधाम तक 35 हजार दीपक जलाकर चित्रकूट गौरव दिवस का साक्षी बना। ट्रस्ट के ट्रस्टी डा बीके जैन ने खुशी जताते हुए कहा कि ये क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। हर वर्ष प्रभु राम की तपोस्थली में सब लोग उप्र-मप्र शासन के साथ मिल-जुलकर दीपों से दुल्हन की तरह सजाकर दीपावली पर्व की तरह गौरव दिवस मनाते है। ट्रस्टी डा इलेश जैन ने खुशी जताते हुए कहा कि बहुत ही सौभाग्यशाली हैं, जो भगवान श्रीराम की तपोस्थली में रहकर रामनवमी को दीप जलाकर गौरव दिवस मनाते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट ने पांच टीमें गठित की थी। दीपक जलाने को प्रत्येक टीम में तीन सौ सदस्य थे। इस तरह सदगुरू परिवार ने हर्षोल्लास से चित्रकूट गौरव दिवस मनाया।



## दो किलो गांजा समेत एक दबोचा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने शिवनारायण पुत्र रतीराम नरयाच थाना मौदहा जिला हमीरपुर को दो किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, दरोगा मुकेश परिहार, सिपाही जलील अहमद व विनोद कुमार शामिल रहे।

## शराब बनाने के आरोपी को हुआ जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार यादव की पैरवी से न्यायालय ने कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पांच सौ रुपये के जुमार्ना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

शुक्रवार को सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज (सीडी)/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने राजापुर थाने में दर्ज आबकारी अधिनियम के आरोपी छोटू निषाद पुत्र सीताराम निषाद निवासी भंभेट कालोनी को पांच सौ रुपये के जुमार्ना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

## सड़क हादसे आरोपी को हुआ दो हजार जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार यादव की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को दो हजार रुपये के जुमार्ना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

शुक्रवार को सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय सिविल जज (सीडी)/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने राजापुर थाने में दर्ज सडक हादसे के आरोपी रामराज पुत्र चुनकावन यादव निवासी बारामाफी थाना पहाड़ी को दो हजार रुपये के जुमार्ना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

## श्रमिकों को 20 मई को मतदान को किया प्रेरित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन 20 मई को श्रमिकों के मतदान करने को प्रेरित करने को धनुष चैराहा कर्वी में जिला विद्यालय निरीक्षक, उप जिलाधिकारी न्यायिक के साथ श्रमिक अड्डा में मतदान करने को प्रेरित किया।

शुक्रवार को श्रमिकों को 20 मई को मतदान करने को प्रेरित करने बाबत वार्ता की। संज्ञान में आया कि 20 मई को श्रमिकों व परिजनों को मतदान में कोई असुविधा नहीं है। वे मतदान करेंगे। ऐसा ही कार्यक्रम पोद्दार इंटर कॉलेज में सुरेश सिंह व श्रम प्रवर्तन कार्यालय के राजेश द्विवेदी, राकेश कुमार आदि ने श्रमिकों को मतदान को 20 मई को करने को प्रेरित किया।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के लोगों को ईवीएम का कराया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रमुख राजनैतिक दलों के लोगों की मौजूदगी में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान सीसीटीवी कैमरा भी देखा। ईवीएम वेयरहाउस प्रभारी को निर्देश दिये कि सीसीटीवी कैमरा चालू रहना चाहिए। सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि सुरक्षा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एडीएम नमामि गंगे श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, उपकृषि निदेशक/ईवीएम प्रभारी राजकुमार समेत सीपीएम से रुद्र प्रसाद मिश्रा, सपा से नरेंद्र यादव, कांग्रेस से कुशल सिंह पटेल, बसपा से शिवबाबू, भाजपा से तीरथ तिवारी, अपना दल यश से रामसिया पटेल, आम आदमी पार्टी से संतोषीलाल शुक्ला मौजूद रहे।

# हेलीकॉप्टर दुर्घटना में केन्या के सैन्य प्रमुख समेत 10 की मौत, देश में तीन दिन का शोक



**नैरोबी।** केन्या में गुरुवार को एक सैन्य हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इस हादसे में केन्या के सैन्य प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला सहित 10 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में सैन्य प्रमुख फ्रांसिस ओगोला के मरने की पुष्टि राष्ट्रपति विलियम रुटो ने अपने एक बयान में की। राष्ट्रपति विलियम रूटो ने रक्षा बलों के दिवंगत प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला के सम्मान में तीन दिनों के शोक की घोषणा की है।

रुटो ने बताया कि उत्तर-पश्चिम केन्या में स्थानीय मवेशियों की तस्करी से निपटने के लिए यह हेलीकॉप्टर तैनात सैनिकों की यात्रा पर था, यह हेलीकॉप्टर वेस्ट पोकोट काउंटी में चेप्टुलेल बॉयज सेकेंडरी स्कूल से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में दो सैनिक बच गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा इस हादसे कारणों का पता लगाने के लिए एक हवाई जांच दल भेजा गया है।

रुटो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारी मातृभूमि ने अपने सबसे बहादुर जनरलों में से एक को खो दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनरल ओगोला का निधन मेरे लिए एक बड़ी क्षति है। देश के जनरल कर्तव्य और देश की सेवा के दौरान शहीद हो गए। रुटो ने कहा, राष्ट्र 19 अप्रैल 2024 से 3 दिनों के शोक की अवधि का पालन करेगा। इस दौरान केन्या गणराज्य और विदेश में केन्या मिशनों में केन्याई ध्वज, केन्या रक्षा बलों का ध्वज और पूर्वी अफ्रीका समुदाय का ध्वज आधा झुका रहेगा।

पिछले साल रुटो द्वारा सेना प्रमुख के रूप में पदोन्नत किए जाने से पहले ओगोला पहले केन्याई वायु सेना प्रमुख और उप सैन्य प्रमुख थे। रक्षा मंत्रालय के प्रोफाइल के अनुसार, ओगोला 1984 में केन्या रक्षा बलों में शामिल हुए, जहां उन्होंने संयुक्त राज्य वायु सेना के साथ एक लड़ाकू पायलट और केन्या वायु सेना (केएएफ) में एक प्रशिक्षक पायलट के रूप में प्रशिक्षण लिया था। एक साल पहले ओगोला को शीर्ष सैन्य नौकरी में पदोन्नत करते समय, रुटो ने उन पर 2022 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम को पलटने की साजिश का हिस्सा होने का आरोप लगाया, लेकिन कहा कि वह इस नौकरी के लिए सबसे योग्य व्यक्ति थे।

हादसे वाले अशांत उत्तर पश्चिम में अबतक दर्जनों नागरिक और पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। जून 2021 में राजधानी नैरोबी के पास उतरते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें कम से कम 10 सैनिक मारे गए थे।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने की वकालत की



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने खुलासा किया है कि उन्होंने भारत के साथ व्यापार दोबारा शुरू करने पर देश के व्यापारिक समुदाय के साथ आंतरिक परामर्श शुरू किया है।

विदेश मंत्री का ताजा बयान उनके पिछले बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने पड़ोसी देश के साथ व्यापार फिर से शुरू करने की इच्छा व्यक्त की थी।

डार ने इस्लामाबाद में विदेश मंत्रालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि देश के व्यापारिक समुदाय ने भारत के साथ व्यापार मार्गों को फिर से खोलने की इच्छा व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि सामान्य वस्तुओं और दवा का व्यापार पहले से ही दुबई सहित विभिन्न मार्गों से हो रहा है, जिससे व्यापार और व्यवसाय की लागत बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि उनके पहले के बयान, जिसमें उन्होंने व्यापार मार्गों को फिर से खोलने और भारत के साथ व्यापार करने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की थी, व्यापारिक समुदाय की मजबूत सिफारिशों और मांगों पर आधारित थे।

मंत्री ने कहा कि वह एक योजना पर काम कर रहे हैं जिसमें संबंधित हलकों से चर्चा और अनुमोदन शामिल है।

विदेश मंत्री का बयान ऐसे वक्त आया है जब उनकी ही पार्टी के सहयोगी और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि मौजूदा कश्मीर विवाद के कारण भारत के साथ व्यापार की संभावना शून्य है।

विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि डार का बयान उत्साहजनक है, लेकिन यह अभी भी अनिश्चित बना हुआ है कि क्या यह सैन्य प्रतिष्ठान और कैबिनेट सहित अन्य संबंधित मंत्रालयों से अनुमोदन के माध्यम से आगे बढ़ सकेगा, जिसने भारत से संबंधित मामलों पर कठोर रुख बनाए रखा है।

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक अदनान शौकत ने कहा, "पाकिस्तान की आधिकारिक स्थिति यह है कि वह भारत के साथ व्यापार पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा जब तक कि कश्मीर के मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी जाती। इसे ध्यान में रखते हुए, मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के लिए व्यापार फिर से शुरू करना कोई आसान कदम होगा।" इस्लामाबाद स्थित वरिष्ठ पत्रकार कामरान यूसुफ ने कहा कि व्यापारिक समुदाय की चिंताएं उचित हैं क्योंकि वाघा-अटारी सीमा के माध्यम से भारत के साथ व्यापार की लागत दुबई के माध्यम से व्यापार की तुलना में बहुत सस्ती होगी। उन्होंने कहा, "हालांकि, हमें यह ध्यान में रखना होगा कि यह व्यापारिक समुदाय के साथ किये जा रहे परामर्श का केवल एक प्रारंभिक चरण है और कोई भी ठोस परिणाम प्राप्त करने से पहले बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

# मरियम ने कहा- पिता जी कहते थे कि पाकिस्तान को पड़ोसियों से लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने गुरुवार को पिता जी नवाज शरीफ को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि देश को अपने पड़ोसियों के साथ नहीं लड़ना चाहिए। मरियम नवाज भारत से आए सिख तीर्थयात्रियों के एक समूह से मुलाकात करने के बाद अपनी भावनाएं व्यक्त की। बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारत से लगभग 2,400 सिख मौजूदा समय में पाकिस्तान की यात्रा पर हैं।

मरियम ने करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में लोगों को संबोधित करते हुए अपने पिता और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को उद्धृत किया, ह्यह्यहमें अपने पड़ोसियों से नहीं लड़ना चाहिए। हमें उनके लिए अपना दिल खोलने की जरूरत है।

सिख तीर्थयात्री पहले सिख गुरु, गुरु नानक देव की समाधि पर मत्था टेकने के लिए बृहस्पतिवार को करतारपुर साहिब पहुंचे। मरियम ने वहां उनसे मिलने के लिए भी योजना बनाई।

मरियम (50) को नवाज शरीफ का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता है। वह फरवरी में पाकिस्तान की पहली महिला मुख्यमंत्री चुनी गईं।

मरियम ने कहा कि यह पहली बार है कि पाकिस्तान में बैसाखी का त्योहार सरकारी स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह मेरा पंजाब है और हम होली, ईस्टर और बैसाखी जैसे सभी अल्पसंख्यक त्योहार एक साथ मना रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, हम यहां भारतीय पंजाब के लोगों की तरह पंजाबी बोलना चाहते हैं। मेरे दादा, मियां शरीफ, जाती उमरा, अमृतसर के निवासी थे। जब एक पंजाबी भारतीय जाती उमरा की मिट्टी लेकर आए, तो मैंने उसे उनकी कब्र पर रख दिया।

मरियम ने अमृतसर से आई एक भारतीय महिला को गले लगाया और एक-दूसरे को अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के किसी प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें भारत के पंजाब से कई बधाई संदेश मिले।

# भारतीय नागरिक जमाल अहमद की सिद्धार्थनगर से अपहरण के बाद नेपाल के मदरसे में हत्या

**काठमांडू।** भारत के उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर के एक व्यक्ति का अपहरण कर नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में एक मदरसे में बन्धक बना कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। नेपाल पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के बर्दपुर पोखरभिटा निवासी 41 वर्षीय जमाल अहमद की नेपाल के कपिलवस्तु के एक मदरसे में हत्या किए जाने का खुलासा हुआ है। कपिलवस्तु के पुलिस एसपी हरि बहादुर वली ने बताया कि सीमापार सिद्धार्थनगर से मोटरसाइकिल पर नेपाल की तरफ आ रहे जमाल अहमद की सीमा पर रहे बिजवा पुल के पास कुछ लोगों ने अपहरण कर एक टेंपो में बिठाकर अपने साथ जबरन ले गए। पुल के पास से पुलिस को यूपी 55 एएच 2057 नंबर की मोटरसाइकिल मिलने के बाद इस हत्याकांड से पर्दा उठा।

लावारिस मोटरसाइकिल मिलने के बाद जब पुलिस ने इसकी तहकीकात की तो कपिलवस्तु के एक मदरसे में जाकर पड़ताल पूरी हो पाई। एसपी वली ने बताया कि कपिलवस्तु जिले के अभिराभ गांव में रहे इसलाहुल इस्लाम मदरसा के एक कमरे में जमाल हसन को कुछ देर तक बन्धक बना कर रखा गया था, जहां पर बाद में उसकी हत्या कर दी गई थी। कपिलवस्तु पुलिस को मदरसे के एक कमरे से जमाल अहमद की लाश भी मिल गई। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद लाश परिवार वालों के हवाले कर दी गई है।

कपिलवस्तु के एसपी हरि बहादुर वली ने बताया कि इस हत्या की आशंका में अब तक तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मदरसे में ही रहने वाले एक व्यक्ति और मृतक जमाल के परिवार के दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या के पीछे जमीन और पैसे के लेनदेन का विवाद बताया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजराइल के हमले से ईरान बौखलाया, परमाणु हमले की तैयारी में



**तेहरान।** इजराइल ने ईरान से कुछ दिन पुराना हिसाब-किताब बराबर करने के लिए एयर स्ट्राइक की है। ईरान के एयरपोर्ट पर तेज धमाके हुए हैं। इजराइल के मिसाइल हमले से ईरान बौखला गया है। उसने परमाणु हमले की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के हवाले से ईरान की फारस न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में इजराइल के हमले की जानकारी दी है।

फारस न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि ईरान के शहर इसाफान के एयरपोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई है। हालांकि विस्फोट की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि ईरान के कई परमाणु ठिकाने इसाफान प्रांत में ही स्थित हैं। इनमें ईरान का यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के हवाई क्षेत्र में कई फ्लाइट्स के मार्ग बदले गए हैं।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। दरअसल ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने हमले का आरोप इजराइल पर लगाया था। इसी हमले के जवाब में ईरान ने इजराइल पर हमला किया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि अगर इजराइल ने हमला किया तो वह और ताकत के साथ पलटवार करेगा।


ईरान और इजराइल के बीच तनाव का यह मसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उठ चुका है। इजराइल ने मांग की थी ईरान की सेना को आतंकी संगठन घोषित किया जाए। इस पर ईरान ने अमेरिका से कहा था कि वह हम दोनों के बीच में न आए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दोनों देशों से अपील की थी कि वे शांति और संयम से काम लें। पश्चिम एशिया एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में दो इजरायली रक्षा अधिकारियों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली सेना ने शुक्रवार तड़के ईरान पर हमला किया।

यह पांच दिन पहले हुए हमले पर इजराइल की पहली सैन्य प्रतिक्रिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन ईरानी अधिकारियों ने पुष्टि की कि शुक्रवार तड़के मध्य ईरान के इसाफान शहर के पास सैन्य हवाई अड्डे पर हमला हुआ। मगर इन अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि हमला किस देश ने किया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स से संबद्ध ईरानी समाचार एजेंसी फारस न्यूज ने कहा कि इस शहर के नागरिक हवाई अड्डे के पास विस्फोटों की आवाज सुनी गई। इजराइल की सेना ने इस घटनाक्रम पर आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

सामरिक विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान और इजराइल के बीच छिड़ी वर्चस्व की जंग से टकराव बढ़ेगा। फारस न्यूज एजेंसी का कहना है कि ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अब्दुल रहीम मौसवी ने बुधवार को कहा था कि अगर हमला होता है देश चुप नहीं बैठेगा। अल जजीरा न्यूज चैनल के अनुसार हमले के बाद कई ईरानी शहरों में उड़ानें निलंबित कर दी गईं। सीरिया और इराक से भी विस्फोट की खबरें आ रही हैं। इजराइली हमले में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के दो जनरल सहित 13 लोग मारे गए हैं। ईरान ने कहा है कि उसने तीन ड्रोन नष्ट कर दिए हैं।

इस बीच ईरान ने अपनी परमाणु नीति में संशोधन के संकेत दिए हैं। परमाणु सुरक्षा और सुरक्षा कोर के प्रमुख जनरल अहमद हक तलब ने आगाह किया कि ईरान के परमाणु केंद्रों पर तेल अवीव के हमले की स्थिति में तेहरान अपने परमाणु सिद्धांत और नीतियों को बदल सकता है और इजराइल की परमाणु सुविधाओं पर भी हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि तेहरान ने सभी इजराइली परमाणु केंद्रों की पहचान कर ली है। तेहरान टाइम्स के अनुसार तलब ने चेतावनी दी है कि इजराइल को "जैसे को तैसा" प्रतिशोध का सामना करना पड़ेगा।

# तुर्किए में 5.6 तीव्रता का आया भूकंप, कोई हताहत नहीं




**अंकारा।** तुर्किए में गुरुवार को 5.6 तीव्रता के भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, राजधानी अंकारा से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में स्थित टोकाट प्रांत के सुलुसराय शहर में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कुछ इमारतें जमींदोज हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। किसी के हताहत होने के बारे में अभी तक कोई सूचना नहीं है। तीन सप्ताह पहले शक्तिशाली भूकंप से तुर्किये-सीरिया क्षेत्र में भीषण तबाही हुई थी।

देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा है कि सोमवार का भूकंप मालत्या प्रांत के येसिलर्ट शहर में केंद्रित था। येसिलर्ट के महापौर मेहमत सिनार ने हैबरटर्क टेलीविजन को बताया कि कस्बे में कुछ इमारतें ढह गई हैं। मालत्या तुर्किए के उन 11 प्रांतों में शामिल था, जो 7.8 तीव्रता के भूकंप से बुरी तरह प्रभावित हुए थे।

छह फरवरी को आए भूकंप से दक्षिणी तुर्किए और उत्तरी सीरिया के कुछ हिस्सों में भारी तबाही हुई। भूकंप से अब तक दोनों देशों में 48,000 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और तुर्किए में 1,73,000 इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंचा। तुर्किए की आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी ने कहा है कि छह जनवरी के शक्तिशाली भूकंप के बाद से क्षेत्र में करीब 10,000 झटके आ चुके हैं।

# काठमांडू विमानस्थल पर भारतीय महिला गिरफ्तार, 850 ग्राम सोना बरामद

**काठमांडू।** इंडिगो विमान में लावारिस एक किलो सोने की बरामदगी के अगले ही दिन शुक्रवार को एक भारतीय महिला 850 ग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया है।

काठमांडू स्थित त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल सुरक्षा प्रमुख एसएसपी कृष्ण हरि शर्मा ने बताया कि आगमन टर्मिनल पर पुलिस ने भारतीय महिला शाहीना प्रवीण को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि उसके पास प्लास्टिक के थैले में 850 ग्राम सोना पाउडर के रूप में छिपा कर रखा गया था। अब यह पता लगाया जा रहा है कि कल इंडिगो विमान से बरामद लावारिस एक किलो सोना से इस महिला का कोई संबंध है कि नहीं।

दिल्ली से गुरुवार को आए इंडिगो विमान की एक सीट की पॉकेट में एक किलो से अधिक सोना लावारिस हालत में बरामद किया गया था। अभी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इंडिगो विमान में बरामद लावारिस सोने का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# गाजा में मारे गए लगभग 34 हजार फिलीस्तीनी : मंत्रालय

**गाजा।** हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक प्रेस बयान में कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजराइली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 33,970 हो गई है।

बयान के अनुसार, 24 घंटों में इजराइली सेना ने तटीय इलाके में 71 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 106 को घायल कर दिया। इससे पिछले साल सात अक्टूबर को शुरू इजराइल-हमास संघर्ष में मरने वालों की कुल संख्या 33,970 हो गई और 76,770 लोग घायल हो गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ मृतक मलबे में दबे हुए हैं।

मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने कहा कि इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा पट्टी में स्वास्थ्य प्रणाली को नष्ट कर दिया है। इससे लगभग सात लाख लोग स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो गए हैं।

# पाकिस्तान में जापानी नागरिकों के वाहन काफिले पर हमला, बुलेटप्रूफ होने से बच गई जान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची के लांधी इलाके में मुतर्जा चौरंगी के पास जापानी नागरिकों के एक वाहन पर आत्मघाती हमला किया गया। वाहन के बुलेटप्रूफ होने की वजह से पांच जापानी नागरिकों की जान बच गई। इस हमले में शामिल दो आतंकवादी मारे गए। नागरिकों के साथ मौजूद एक निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गया है

डीआईजी (पूर्वी) अजफर महेसर ने बताया कि जमजमा (क्लिफ्टन) में रह रहे पांच जापानी नागरिक तीन वाहनों के काफिले के साथ निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र की ओर जा रहे थे। काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट के डीआईजी आसिफ ऐजाज शेख ने कहा है कि जापानी नागरिकों के साथ दो निजी सुरक्षा गार्ड थे। रास्ते में मोटरसाइकिल पर आए एक आत्मघाती हमलावर ने उनकी एक वैन को टक्कर मार दी। वैन बुलेटप्रूफ थी, इसलिए सभी सकुशल रहे। आत्मघाती हमलावर के एक साथी को इलाके में गश्त कर रही शराफी गोथ पुलिस पार्टी ने मार गिराया। हमले की अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट के प्रभारी राजा उमर खत्ताब ने कहा हमला विफल होने पर आत्मघाती हमलावर का साथी घबरा गया। उसने गोलीबारी शुरू कर दी। उसे मार गिराया गया है। उसके पास हथगोले भी थे।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक्स हैंडल पर घटना की कड़ी निंदा करते हुए घायल गार्ड के ठीक होने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि जब तक आतंकवाद पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता, हम आराम से नहीं बैठेंगे।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी आतंकवादियों के खिलाफ पुलिस की समय पर कार्रवाई की सराहना की है। उनके बयान को रेडियो पाकिस्तान ने प्रसारित किया है। राष्ट्रपति ने बयान में आतंकवादियों का सफाया करने की प्रतिबद्धता दुहराई। एक महीने पहले ऐसे ही एक महले में चीन के पांच नागरिकों और पाकिस्तान के एक नागरिक की मौत हो गई थी।